हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 13 अंक : 21 | देहरादून, मंगलवार, 09 जुलाई, 2024 | मूल्य : एक रुपया | पृष्ठ : 8



SSP पौड़ी के निदेशन में चौपाल लगाकर ग्रामवासियों को लगातार किया जा रहा जागरूक

3

# टिहरी लेक डेवलपमेंट प्रोजेक्ट पर स्थानीय लोगों के सुझाव लिए जाए : सीएस राधा रतूड़ी

## पर्यटन विकास के सभी प्रोजेक्ट में स्थानीय आमजन की ऑनरशिप एवं भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 09 जुलाई : मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने टिहरी झील तथा इसके कैचमेंट एरिया के सम्पूर्ण विकास हेतु एडीबी (एशियन डेवलपमेंट बैंक ) की गाइडलाइन्स के अनुसार तैयार डीपीआर पर कार्य करने के साथ ही इस तरह के प्रोजेक्ट में सभी स्टेकहोल्डर्स विशेषकर स्थानीय ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए उनके सुझाव लेने के निर्देश दिए हैं। सीएस ने निर्देश दिए कि राज्य में संचालित पर्यटन विकास से सम्बन्धित सभी प्रोजेक्ट में स्थानीय आमजन की ऑनरशिप एवं भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। उन्होंने सभी प्रोजेक्ट में हितधारकों एवं स्थानीय लोगों के साथ विचार विमर्श करने व सुझाव लेने की संस्कृति अपनाने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने निर्देश दिए हैं कि पर्यटन विकास के सभी प्रोजेक्ट में पर्यावरणीय हितों का विशेष ध्यान रखा जाए। विशेषरूप से पर्वतीय क्षेत्रों में पर्यटन विकास की गतिविधियों में सोलिड वेस्ट मेनेजमेंट को शीर्ष प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने चारधाम यात्रा मार्ग पर भी ठोस अवशिष्ट प्रबन्धन हेतु पुख्ता व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही राधा रतूड़ी ने ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित होम स्टे हेतु भी कूड़ा प्रबन्धन की व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए हैं। सीएस ने टूरिज्म एवं इकोलॉजी में संतुलन रखने की नीति का पालन करते हुए सभी टूरिज्म प्रोजेक्ट पर कार्य करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य में पर्यटन के विकास से सम्बन्धित सभी प्रोजेक्ट का इस आधार पर मूल्यांकन किया जाए कि इससे कितने स्थानीय लोगों को रोजगार, विकास एवं कल्याण से सम्बन्धित लाभ पहुंचा है।







- पर्वतीय क्षेत्रों में पर्यटन विकास की गतिविधियों में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट को शीर्ष प्राथमिकता
- स्थानीय लोगों को कितना लाभ मिला इस आधार पर हो सभी टूरिज्म प्रोजेक्ट का मूल्यांकन : सीएस

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सचिवालय में टिहरी झील विकास परियोजना पर सतत, समावेशी तथा जलवायु अनुकूल पर्यटन विकास से सम्बन्धित द्वितीय उच्चाधिकार प्राप्त समिति ( एचपीसी) बैठक के दौरान निर्देश दिए हैं कि इस प्रोजेक्ट के तहत स्थानीय समुदायों को विकास का भागीदार बनाते हुए टिहरी को एक ब्राण्ड पर्यटन गंतव्य के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। सीएस ने निर्देश दिए कि प्रोजेक्ट के तहत टिहरी शहर के ऐतिहासिक महत्व को पुनः स्थापित करने, पर्यटन की बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने, क्षेत्र में सत्त एवं रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म को प्रोत्साहित करने, पलायन रोकने, स्थानीय लोगों की आजीविका के अवसर बढ़ाने तथा क्षेत्र में आने वाले पर्यटकों को कम से कम 3 तीन दिन तक यहां रहने के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में जानकारी दी गई कि 1294 करोड़ रूपये लागत के एडीबी सहायता प्राप्त टिहरी लेक प्रोजेक्ट के तहत 52 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र के लगभग 103 गांवों की लगभग 96875 आबादी को लाभ पहुंचेगा। प्रोजेक्ट के तहत डोबरा चांटी, तिवार गांव, कोटी कॉलोनी, न्यू टिहरी, मदन नेगी तथा झील कलस्टर में विभिन्न पर्यटन सुविधाओं को विकास किया जाएगा। बैठक में सचिव आर मीनाक्षी सुन्दरम, सचिन कुर्वे, दिलीप जावलकर, पंकज कुमार पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# बद्रीनाथ विधानसभा के दूरस्थ बूथों की 17 पोलिंग पार्टियां हुई रवाना





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

चमोली। बद्रीनाथ विधानसभा उप चुनाव के लिए दूरस्थ मतदेय स्थलों की 17 पोलिंग पार्टियों को मतदान दिवस के दो दिन पूर्व 08 जुलाई को चुनाव सामग्री के साथ उनके गंतव्य के लिए रवाना किया गया। बद्रीनाथ विधानसभा में कुल 210 मतदेय स्थल बनाए गए है। जिसमें से 17 पोलिंग पार्टियां दो दिन पूर्व रवाना किया जा चुका है, जबकि 193 पोलिंग पार्टियों को मंगलवार को रवाना किया जाएगा। उप चुनाव के तहत 10 जुलाई, 2024 को मतदान होना है। पोलिंग पार्टियों की रवानगी के दौरान सामान्य प्रेक्षक अनीता रामाचन्द्रन, जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु खुराना, अपर जिला निर्वाचन अधिकारी अभिनव शाह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक प्रकाश, सहायक रिटर्निंग अधिकारी आरके पांडेय एवं अन्य नोडल अधिकारी मौजूद थे। दूरस्थ मतदेय स्थल जिनके लिए दो दिन पूर्व पोलिंग पार्टियों रवाना हुई उनमें 36-मोल्टा, 43-जखोला, 44-किमाणा, 45-डुमक, 46 कलगोठ, 56-नीती, 59 गमशाली, 60-कैलाशपुर, 61-जेलम, 62-कोषा, 63-जुम्मा, 64-द्रोणागिरी, 65-मलारी, 132-ईराणी, 133-झींझी, 137-गौणा और 138-पाणा शामिल है।

# बदरीनाथ हाईवे घुडसिल के पास बंद



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

चमोली। बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार को हनुमान चट्टी के पास घुडसिल में एक एक्सावेटर मशीन के ऊपर पहाड़ी से भारी बोल्डर गिरने से मार्ग अवरुद्ध हो गया है। बदरीनाथ जाने और बदरीनाथ की यात्रा से लौट रहे सैकड़ों यात्री बीच में ही फंसे हैं। और सडक सुचारू होने का इंतजार कर रहे हैं। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी एनके जोशी ने बताया जोशीमठ तहसील प्रशासन की ओर से यहां दोनों ओर फंसे तीर्थयात्रियों को पानी, बिस्कुट, नमकीन, शीतल पेय और जरूरी राहत सामग्री बांटने के साथ ही मार्ग खोलने का काम किया जा रहा है। यहां पर वोल्डर से दबी एक्सावेटर मशीन को निकालने और सड़क से बोल्डर हटाने का काम जारी है। सोमवार सुबह 5: 30 बजे बोल्डर गिरने के बाद हाईवे बाधित हुआ। मार्ग के दोनों ओर यात्री फंसे हुए है। आपदा प्रबंधन अधिकारी ने जल्द ही मार्ग को यातायात के लिए सुचारू कर लिया जाएगा।

# अनोखी सेल : यहां पुरानी चीजों की तरह बिक रहे मैनेजर और ऑफिस के कर्मचारी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 09 जुलाई : हर कोई चाहता है कि वो ऐसी कंपनी में नौकरी करे, जहां उसे तमाम तरह की सुविधाएं मिलें और ठीक-ठाक सैलरी मिले और सबसे बड़ी बात कि वहां का बॉस अच्छा हो, क्योंकि अगर बॉस अच्छा नहीं होगा तो फिर ऑफिस का माहौल खराब होगा और ऐसे में कर्मचारियों का वहां काम कर पाना मुश्किल हो जाता है. सोशल मीडिया पर बॉस और कर्मचारियों की नोकझोंक या झगड़े से जुड़े किस्से अक्सर वायरल होते रहते हैं. चीन में आजकल इसी से जुड़ा एक अनोखा ट्रेंड चल रहा है, जिसने हर किसी को हैरान कर दिया है।



दरअसल, यहां युवा कर्मचारियों ने अपने बॉस, सहकर्मियों और यहां तक कि नौकरियों को भी सेकंड-हैंड सामान बेचने और खरीदने वाले ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर बिक्री के लिए लिस्ट करना शुरू कर दिया है. साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, लोग अपनी नौकरियों और मैनेजर्स को जियान यू नामक ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर बेच रहे हैं. यह प्लेटफॉर्म चीन की फेमस ई-कॉमर्स कंपनी अलीबाबा का ही है, जहां सेकंड हैंड प्रोडक्ट्स बेचे और खरीदे जाते हैं. चीन में लोग ऐसा इसलिए कर रहे हैं, ताकि वो अपनी नौकरी के दौरान काम के बोझ को कम कर सकें और खुद को तनाव मुक्त बना सकें।

वेबसाइट पर 'परेशान करने वाला बॉस', 'बेकार नौकरी' और 'घृणा करने वाले सहकर्मी' को लिस्ट किया गया है और इसके लिए 4 से 9 लाख रुपये की कीमत रखी गई है. साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के मुताबिक, एक यूजर ने बताया कि वह अपनी नौकरी 90 हजार रुपये में बेच रहा है. उसका कहना है कि इस नौकरी में उसे हर महीने 30 हजार रुपये मिलते हैं और खरीदार तीन महीने में अपनी निवेश राशि वापस पा सकते हैं. उसने यह भी बताया कि उसने अपनी नौकरी को ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर इसलिए लिस्ट किया है, क्योंकि वह सुबह सुबह जल्दी नहीं उठना चाहता।

इसी तरह एक अन्य यूजर ने अपने सहकर्मी को 45 हजार रुपये में बेचने के लिए जियानयू पर लिस्ट किया है। चीन में नौकरी के कारण होने वाले तनाव को दूर करने का ये अनोखा और मजेदार तरीका काफी चर्चा में है।

# गजब : यहां कब्रिस्तान में 'भूतों' को 5 दिन तक दिखाई गई फिल्म

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 09 जुलाई : फिल्में तो आप देखते ही होंगे, या तो सिनेमा हॉल में या फिर घर पर ही टीवी पर देखते होंगे, पर जरा सोचिए कि अगर खुले आसमान के नीचे खुली हवा में फिल्म देखने का मौका मिले तो ये कितना खूबसूरत अहसास होगा. कई जगहों पर ऐसा होता भी है. खुले आसमान के नीचे फिल्मों की स्क्रीनिंग कराई जाती है, जहां लोग मजे से बैठकर फिल्मों का आनंद लेते हैं, पर क्या आपने कभी सुना है कि भूत-प्रेतों के लिए भी फिल्म स्क्रीनिंग कराई गई हो? नहीं ना, पर थाईलैंड में कुछ ऐसा ही देखने को मिला है. यहां खुली हवा में फिल्म की एक स्क्रीनिंग ने लोगों को चौंका दिया है।



मीडिया रिपोर्ट के रिपोर्ट के मुताबिक, थाईलैंड के एक कब्रिस्तान में मृतकों के लिए फिल्म स्क्रीनिंग आयोजित की गई थी. यह स्क्रीनिंग 2 जून से 6 जून तक आयोजित की गई थी. इस डरावनी स्क्रीनिंग कार्यक्रम का आयोजन सवांग मेट्टा थम्मासथन फाउंडेशन द्वारा किया गया था. पूर्वोत्तर थाईलैंड के नाखोन रत्चासिमा प्रांत में स्थित इस कब्रिस्तान में करीब 3 हजार कब्रें हैं. दावा किया जा रहा है कि कब्रिस्तान के अधिकारियों ने खाली कुर्सियां बिछा दी थीं, ताकि मरे हुए लोगों की आत्माएं उनपर बैठकर फिल्म देखने का आनंद ले सकें. ऐसा आत्माओं को शांत करने और उनके मनोरंजन के लिए किया गया था।


रिपोर्ट्स के मुताबिक, माना जा रहा है कि जो आत्माएं इस अजीबोगरीब फिल्म स्क्रीनिंग में शामिल हुईं थीं, वो कथित तौर पर चीनी लोगों के वंशज थे, जो थाईलैंड में रहते थे और चीन वापस नहीं जा पाए थे. कथित तौर पर ये स्क्रीनिंग शाम 7 बजे शुरू होती थी और आधी रात को खत्म होती थी. दावा किया जाता है कि इस ओपन-एयर शो में 'भूत दर्शकों' के अलावा कब्रिस्तान के चार कर्मचारी भी मौजूद थे, जो मृतकों के लिए खाना, कपड़े, गाड़ियां, मॉडल हाउस और अन्य दैनिक जरूरी चीजें मुहैया करा रहे थे।

साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट ने आगे बताया कि थाईलैंड में चीनी समुदायों के बीच चिंग मिंग महोत्सव के बाद या ड्रैगन बोट महोत्सव से पहले मृतकों के लिए इस तरह की फिल्म दिखाना एक पारंपरिक प्रथा है. इस कार्यक्रम के आयोजक ने बताया कि शुरू में उन्हें कब्रिस्तान में फिल्म दिखाने को लेकर डर लगा था, लेकिन समय बीतने के साथ उन्होंने अपने अनुभव को अनोखा और सकारात्मक बताया है।

# आ गया 'इमोशनल' रोबोट, कभी हंसेगा, तो कभी दिखाएगा गुस्सा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 09 जुलाई : एक वक्त था, जब छोटे-बड़े सारे काम के लिए इंसानों पर ही निर्भर होना पड़ता था. विज्ञान की प्रगति के साथ-साथ हमारा परिचय रोबोट्स से हुआ, जो फटाफट काम निपटा सकते हैं. यही वजह है कि हर इंडस्ट्री में इन्हें इस्तेमाल किया जा रहा है. इनके आने से हमें बहुत से फायदे भी हुए हैं और बहुत से नुकसान भी. हालांकि अब भी कई चीज़ें ऐसी हैं, जो रोबोट नहीं कर सकते लेकिन इंसान कर सकते हैं।



आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के चलते रोबोट्स को इंसानों के काफी करीब पहुंचाया जा चुका है. हालांकि अब वो भी हो रहा है, जिनकी हमने कल्पना भी नहीं की थी. दुनिया का पहला ऐसा रोबोट बनाया जा चुका है, जिसे लेकर दावा किया जा रहा है कि वो इंसानी भावनाओं को समझ सकता है और उसके मुताबिक रिएक्ट भी कर सकता है. ये काम अपने ही पड़ोसी देश चीन के वैज्ञानिकों ने कर दिखाया है।

चीन ने अपने नए आविष्कार से तहलका मचा रखा है. उसने Guanghua No 1 नाम का रोबोट बनाया है, जो सिर्फ मशीन नहीं है बल्कि इंसान के दुख-दर्द में उसके साथ भी रह सकता है. इसे World Artificial Intelligence Conference में पेश किया गया. फुडान यूनिवर्सिटी की ओर से बनाए गए इस रोबोट की खासियत ये है कि इंसानों की भावनाओं को पहचानकर वैसी ही प्रतिक्रिया दे सकता है. इसके अंदर चार भावनाएं हैं – खुशी, गुस्सा, दुख और आनंद।

इस मशीन को बनाने वों का दावा है कि ये बुजुर्गों के लिए बहुत फायदेमंद है. फुडान यूनिवर्सिटी के डिप्टी डीन Gan Zhongxue ने बताया कि बुजुर्गों की सेवा और उनका ध्यान रखने के लिए ये ह्यूमेनॉइड रोबोट बनाया गया है, जो सेहत का साथी होगा. ये न सिर्फ उनकी शारीरिक ज़रूरतों बल्कि मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य का भी ध्यान रखेगा. इमोशनल इंटेलिजेंस वाले इस रोबोट को देखकर लोग हैरान हो रहे हैं।

# क्या आपको पता है OK का असली मतलब क्या होता है

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 09 जुलाई : लोग किसी भी बात पर सहमति जताने के लिए OK शब्द का इस्तेमाल करते हैं. दो अक्षर का यह शब्द बोलचाल में बहुत ही ज्यादा इस्तेमाल में लाया जाता है. बातचीत के दौरान इस शब्द का हम सबसे ज्यादा इस्तेमाल करते हैं. OK एक पूरे वाक्य की तरह काम करता है. आप जानकर हैरान रह जाएंगे कि OK कोई शब्द नहीं है. OK एक शॉर्ट फॉर्म है. हम आज आपको OK का मतलब बताएंगे.




OK एक ग्रीक शब्द है, जिसका फुल फॉर्म है 'Olla Kalla'. इसका अंग्रेजी में मतलब होता है All correct. बता दें कि OK शब्द की उत्पत्ति 183 साल पहले हुई थी. अमेरिकी पत्रकार चार्ल्स गोर्डोन ग्रीन (Charles Gordon Greene) के दफ्तर से इस शब्द के इस्तेमाल की शुरुआत हुई थी. बता दें कि साल 1839 में चार्ल्स गोर्डोन ग्रीन किसी शब्द की जगह प्लेफुल एब्रीविएशंस का इस्तेमाल करते थे.


OK का इस्तेमाल सबसे पहले "Oll Korrect" के एब्रीविएशन के तौर पर किया गया था. दरअसल, यह ग्रामर पर एक व्यंगात्मक लेख था. साल 1839 में यह बोस्टन मॉर्निंग पोस्ट में छपा था. इसके बाद OW जैसे शब्द भी इस्तेमाल में आए. इसका मतलब ₹oll wright₹ या all right होता था. साल 1840 में अमेरिकी राष्ट्रपति Martin Van Buren के री-इलेक्शन कैंपेन में ओके शब्द का इस्तेमाल किया गया. इसके बाद यह पूरी दुनिया में प्रचलित हो गया.

दरअसल, Van Buren का निकनेम Old Kinderhook था. इसलिए उनके समर्थकों ने चुनाव प्रचार में OK शब्द का इस्तेमाल किया. इस दौरान पूरे देश में OK Clubs बनाए गए. अब ओके एक डबल मीनिंग वर्ड बन गया था. इसका मतलब Old Kinderhook भी था और All Correct भी.

# इस गांव का हर मर्द है खाना बनाने में माहिर बचपन से ही सिखाई जाती है ये कला

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 09 जुलाई : भारत अपने अलग-अलग खाने के लिए दुनियाभर में मशहूर है। यहां के लोग खाने के ही नहीं बल्कि उसे बनाने के भी बहुत शौकीन होते हैं। विभिन्न संस्कृतियों वाले इस देश में व्यजनों की भी काफी वैरायटीज हैं, जिन्हें खाने वालों को ऐसा लगता है कि बनाने वाले ने न सिर्फ मसाले और इंग्रीडियेट्स बल्कि इसमें अपने इमोशनंस का भी तड़का लगा दिया है। भारत की धरती पर एक से बढ़कर एक खाना बनाने वाले मौजूद है। लेकिन इस देश में एक ऐसा गांव भी है, जहां लगभग हर घर में एक बावर्ची है। यहां बचपन से ही मर्दो को खाना बनाने का ट्रेनिंग दी जाती है।



बावर्चियों को यह गांव तमिलनाडु के रामनाथपुरम जिले में स्थित है, जिसका नाम क्या है। इस गांव के खाने की तारीफ पूरे भारत में की जाती है। यहां की हर गली में मसालों की खुशबू आती रहती है। यहां के हर घर में एक बावर्ची रहता है। भारत के सबसे अच्छे खाना बनाने वाले 200 मर्द भी यहीं रहते हैं। खाना बनाने के इस हुनर को लोग एक प्रथा के रूप में भी मानते है।

आज से करीब 500 साल पहले यहां पर एक रेड्डियार नाम की जाति के लोग रहते थे, जो व्यापारी हुआ करते थे. इन्हें ऊंची जाती का दर्जा दिया जाता था। इनके साथ ही यहां पर नीची जाति के लोग भी रहते थे, जिन्हें वनियार कहा जाता था। इस जाति के लोग खाना बनाने में काफी माहिर थे क्योंकि इनके हाथ का बनाया हुआ खाना बाकी लोगों से बहुत बेहतर था। इसलिए इन्हें खाना बनाने का काम सौंपा गया। उस जमाने में किसानी फायदेमंद व्यापार नहीं था। इस कारण वहां के लोग खाना बनाने में रुचि रखने लगे। जिससे उन्हें नौकरी मिल जाए, तभी से यहां पर लोग खाना बनाने के शौकीन हो गए।खाना बनाना एक कला है जो कि हर किसी के बस की बात नहीं होती। यह जानकर आपको हैरानी होगी की इस गांव में बचपन से ही लोगों को खाना बनाना सिखाया जाता है। सब्जियां तोड़ने से लेकर उन्हें पकाने तक सभी चीजें सिखाई जाती है, जैसे ही वे इस कला को सीखना शुरू करते है उसी के साथ ही उन्हें तरह-तरह के स्वादिष्ट पकवान बनाना सिखाया जाता है। लगभग 10 सालों तक यह ट्रेनिंग चलती है जिसके बाद वे खुद ही माहिर बावर्ची बन जाते हैं। आज के समय में यहां के बावर्ची करीब 6 महीने दक्षिण भारत की यात्रा करते हैं और अलग-अलग मामलों या समारोह में खाना बनाकर लोगों का दिल जीत लेते हैं।

# SSP पौड़ी के निदेशन में चौपाल लगाकर ग्रामवासियों को लगातार किया जा रहा जागरूक







**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

पौड़ी 09 जुलाई : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी गढ़वाल लोकेश्वर सिंह द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में महिला अपराध, साइबर अपराध व युवा वर्ग को नशा न करने के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ आमजन को नये कानून (BNS, BNSS, BSA) से सम्बन्धित धाराओं/विशेषताओं आदि के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान कर अधिक से अधिक जागरूकता हेतु निर्देशित किया गया है।

जिसके क्रम में महिला हेल्प लाईन प्रभारी महिला उपनिरीक्षक अनीता नेगी मय पुलिस टीम द्वारा ग्राम पौड़ी गांव में जाकर पुलिस व स्थानीय जनता के बीच सामंजस्य स्थापित करने हेतु जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों को एकत्रित कर भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 तीन नए संशोधित कानूनों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि नया कानून पीडित केंद्रित दृष्टिकोण पर आधारित है इसमें पीडितों की भागीदारी, आसान न्याय प्रक्रिया व पारदर्शिता के प्रवधान हैं। नये कानून में गैर कानूनी श्रम, बेजूबानों से उपेक्षापूर्ण आचरण के साथ-साथ भूमि अथवा पानी जैसी सम्पत्ति विवादों में अपनाई जाने वाली प्रक्रियाएं भी शामिल की गयी हैं।

साथ ही पुलिस की कार्यशैली के विषय में जानकारी देते हुये उन्हे बढ़ते हुए अपराधों की रोकथाम, मानव तस्कारी, साइबर अपराधों से बचाव, सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों व आपतकालीन नम्बर डायल-112 आदि के बारे में जानकारी देते हुए उनके संचालन के बारे जागरूक कर किसी भी प्रकार की सहायता या उनके क्षेत्रान्तर्गत होने वाली अवैध गतिविधियों/मादक पदार्थों की तस्करी की सूचना देने के लिए प्रेरित किया गया।

# वायु सेवा में अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया शुरू, महिला-पुरुष दोनों के लिए मौका, ऐसे करें आवेदन

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



देहरादून 09 जुलाई : भारतीय वायु सेवा में महिला और पुरुष दोनों के लिए अग्निवीर की भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई है। भर्ती के लिए 8 जुलाई से ऑनलाइन आवेदन शुरू कर दिया गया है, आवेदन प्रक्रिया की अंतिम तिथि 28 जुलाई 2024 तक है।

एयरमैन सिलेक्शन सेंटर अंबाला के कमांडिंग ऑफिसर विंग कमांडर एसवीजी रेड्डी ने बताया कि वायु सेना में अग्निवीर की भर्ती के लिए आवेदन करने वाले अभियर्थियों को 50 प्रतिशत के साथ इंटर पास आवश्यक है। इसके साथ अंग्रेजी विषय 50 प्रतिशत अंक अनिवार्य हैं। साइंस स्ट्रीम के अभियर्थियों के फिजिक्स, गणित और अंग्रेजी विषय में कुल 50 प्रतिशत अंक प्राप्त होने चाहिए और अकेले अंग्रेजी विषय में कम से कम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त होने चाहिए। साइंस स्ट्रीम के अलावा अन्य विषयों में भी 50 प्रतिशत अंकों एवं अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक के साथ बारहवीं पास युवा भी भर्ती के लिए आवेदन कर सकते हैं। साथ ही 50 प्रतिशत अंक के साथ वोकेशनल कोर्स करने वाले युवा भी वायु सेना में अग्निवीर की भर्ती के लिए आवेदन कर सकते हैं।

उन्होंने आगे बताया कि भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन और परीक्षा शुल्क 550 रुपये जमा जीएसटी तय की गई है। भर्ती आवेदन के लिए अभियर्थी की न्यूनतम आयु 17 वर्ष और अधिकतम आयु 21 रखी गई है। अभ्यर्थी की जन्मतिथि 3 जुलाई 2004 से लेकर 3 जनवरी 2008 के बीच की होनी चाहिए।

कमांडर एसवीजी रेड्डी ने कहा कि वायु सेना में अग्निवीर की भर्ती के लिए इच्छुक अभ्यर्थी इसवेबसाइट https://agnipathvayu.cdac.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। भर्ती से संबंधित कोई भी जानकारी अभियर्थी वेबसाइट पर जाकर प्राप्त कर सकते हैं।

## पेयजल किल्ल्त निस्तारण की मांग उठाई

नई टिहरी। जाखणीधार ब्लॉक के अंजनीसैंण के जगदीश प्रसाद और दिनेश सिंह ने डीएम मयूर दीक्षित को पानी की समस्या बताई। बताया कि वो लोग पानी के लिए परेशान हैं। पर्याप्त आपूर्ति नहीं होने के कारण वह अपने कनेक्शनों को विभाग की मदद से स्थानांतरित करवाना चाह रहे हैं। लेकिन सम्बंधित विभाग के स्थानीय कर्मचारी कनेक्शन न तो स्थानांतरित कर रहे हैं और न ही पेयजल किल्लत को दूर कर रहे हैं।

## स्वास्थ्य परीक्षण कर बांटी दवा

नई टिहरी। अखिल भारतीय सामाजिक स्वायत संगठन, कोलकाता के मेडिकल सर्विस सेंटर की ओर देवप्रयाग संगम स्थित ओएनएस स्कूल में स्वास्थ्य कैंप लगाया गया। आयोजित शिविर में चिकित्सकों ने सौ से अधिक लोगों की जांच की। जिसमें अधिकांश लोग रक्तचाप, मधुमेह, जोड़ और बदन दर्द से पीड़ित मिले। सभी को उपचार के बाद निशुल्क दवा दी गयी। केदारनाथ आपदा के बाद से संगठन द्वारा हर वर्ष प्रदेश में निशुल्क मेडिकल कैंप लगाए जाते हैं। शिविर में सेनि. सीएमओ नासिक डॉ. तरुण मंडल, हृदयरोग विशेषज्ञ डॉ. अंशुमान मिश्रा, डॉ. सुभ्राता राय, डॉ. फ्रोजा, डॉ. गुरुप्रीत सिंह, मनोचिकित्सक डॉ. नरेश, रेडियोलॉजिस्ट डॉ. अरुणेश ने रोगियों की जांच कर उपचार किया गया। वहीं संगठन की दूसरी टीम ने पौड़ी जिला स्थित रानाकोट में 150 लोगों की जांच की गयी। कैंप आयोजनों में अर्जुन नेगी, रंजन, संदीप कुमार, मुकेश सेमवाल, मोनिका चौहान, अमित ने सहयोग किया।

## आंगनबाड़ी केंद्र स्थानांतरित करने की मांग

नई टिहरी। ब्लॉक थौलधार के ग्राम पलास के प्रधान सुमेर सिंह ने आंगनबाड़ी केंद्र डोबरा को अस्थाई रूप से लोक निर्माण विभाग के डोबरा भवन में स्थानांतरित करने की मांग की। डीएम मयूर दीक्षित को लिखे पत्र में प्रधान ने बताया कि ग्राम पंचायत पलास के तहत आंगनबाड़ी केंद्र डोबरा यहां पर अवस्थित डोबरा-चांठी पुल के निकट है। यहां पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डोबरा का निर्माण कार्य चल रहा है। जिसके चलते केंद्र के भवन की दीवार पर मलबा आने से बच्चों को खतरा बना है। बारिश के कारण खतरे की बढ़ने की संभावना है। इसलिए सुरक्षा के दृष्टिगत आंगनबाड़ी केंद्र को अस्थाई रूप से लोनिवि के डोबरा स्थित भवन में स्थानांतरित किया जाय।

## संक्षिप्त खबरें

### पौड़ी मं 26 मोटरमार्गों पर यातायात ठप

पौड़ी। पौड़ी जिले के 26 मोटरमार्गों पर सोमवार को यातायात ठप रहा। इसमें 1 राज्यमार्ग भी शामिल रहा। सोमवार को बारिश नहीं होने पर लोगों ने राहत महसूस की।बीते दिनों हुई मूसलाधार बारिश से सोमवार को जिले के राज्यमार्ग टिहरी-हिंडोलाखाल-बिलखेत मोटमार्ग, मुख्य जिला मार्ग नालीखाल-बनचूरी-कपोलकाटल के साथ ग्रामीण मोटरमार्ग तुकडंडा-भैंस्वाडा, मस्टखाल-उतिंडा, कुल्हाड-किनसूर, नोडखाल-माला, टकोलीखाल-बीरोंखाल, कुण्जखाल-धामधार, कांडाखाल-चैलूसैंण, देवराणा-ठुंडा, पौखाल-कण्वाश्रम आदि मोटरमार्गों पर यातायात ठप रहा।

### महिलाओं को दी नए कानूनों की जानकारी

पौड़ी। पौड़ी पुलिस ने पौड़ी गांव में सोमवार को चौपाल लगाई। पुलिस ने चौपाल में महिलाओं को नए कानूनों और साइबर अपराधों के विषय में दी जानकारी दी गई। महिला हेल्प लाइन प्रभारी महिला उपनिरीक्षक अनीता नेगी ने अपनी टीम के साथ पौड़ी गांव में जाकर महिलाओं को भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 तीन नए संशोधित कानूनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।बताया कि नया कानून पीड़ित केंद्रित दृष्टिकोण पर आधारित है। इसमें पीड़ितों की भागीदारी, आसान न्याय प्रक्रिया और पारदर्शिता के प्रवाधान हैं। नए कानून में गैर कानूनी श्रम, बेजुबानों से उपेक्षापूर्ण आचरण के साथ-साथ भूमि अथवा पानी जैसी संपति विवादों में अपनाई जाने वाली प्रक्रियाएं भी शामिल की गई है। उन्होंने पुलिस की कार्यशैली के विषय में भी जानकारी दी।

### चुनाव प्रचार थमने से पहले नगर में रैली निकाली, व्यापारियों से मांगे वोट

चमोली। बदरीनाथ विधानसभा उप चुनाव प्रचार थमने से पहले सोमवार को नगर पालिका जोशीमठ के मुख्य बाजार में भाजपा ने अपने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की रैली निकालकर व्यापारियों से भाजपा प्रत्याशी को वोट देने की अपील की। भाजपा ने अपने कार्यालय से राइंका तिराहे तक रैली निकाली। पूर्व पालिकाध्यक्ष ॠषि सती और रोहणी रावत के नेतृत्व में बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने मुख्य बाजार में हर दुकान में जाकर व्यापारियों से बीजेपी को जिताने की अपील की। रैली में विधायक अनिल नौटियाल, ॠषि सती, रोहणी रावत, शैलेन्द्र पंवार अंशुल भुजवाण, लक्ष्मण फरकिया, नितिन व्यास, अखिलेश भुजवांण , विजय कपरवांण, सुमेधा भट्ट, सुखदेव महिपाल, महावीर बिष्ट, नितेश चौहान, अनिता भुजवांण, हरिश भंडारी , प्रदीप भट्ट आदि मौजूद रहे।

### लसेर बाजार में पानी न आने की शिकायत की

नई टिहरी। तहसील गजा के लसेर बाजार में पेयजल किल्लत बनी हुई है। जिसकी शिकायत स्थानीय लोगों ने डीएम मयूर दीक्षित से की है। सोमवार को लसेर के स्थानीय ग्रामीणों ने डीएम दीक्षित को शिकायती पत्र सौंपते हुए कहा कि लसेर बाजार में काफी दिनों से पेयजल की किल्लत बनी हुई है। जिसका कारण पेयजल लाइन का किसी कारण बंद होना है। विभाग को कई बार लाइन ठीक करने को कहा गया है, लेकिन विभाग के कानों में जूं नहीं रेंग रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पेयजल लाइन चोक होने के कारण पानी नहीं आ रहा है। कई बार विभाग को बताने के बाद भी पानी नहीं मिल पा रहा है। शिकायत करने वालों में अमित राना, सरोज देवी, पूर्व प्रधान सुशीला, रीता देवी, राजेंद्र प्रसाद सहित अन्य शामिल रहे।

# भयंकर बाढ़ में उतर कर मंत्री सौरभ बहुगुणा ने लिया ज़ायज़ा





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखंड में बारिश का कहर चारों तरफ मुसीबत बन रहा है। लगातार सीएम धामी और जिलों के अफसर मीटिंग , दौरे करते हुए अलर्ट मोड़ में स्थिति को सम्हालने में जुटे हैं इस बीच एक ऐसा मंज़र भी सामने आया है जहाँ सूबे के बेहद सक्रिय और एक्शन मोड में दिखाई देने वाले युवा कैबिनेट मिनिस्टर और सितारगंज के विधायक सौरभ बहुगुणा घुटने भर उफनाते जल सैलाब के बीच खुद बाढ़ में उतर कर हालात का जायज़ा लेते दिखाई दिए हैं।

**मंत्री सौरभ के ज़ज़्बे से लोग दिखे प्रभावित :** इस तस्वीर में नज़र आ रहे मिनिस्टर सौरभ बहगुणा को देख कर निश्चित ही सीएम धामी को तसल्ली हो रही होगी कि उनकी टीम में ऐसे मिनिस्टर भी हैं जो केवल ऐसी रूम में बैठकर ही आदेश जारी नहीं करते बल्कि खुद फील्ड में उतर कर आम जनता को हो रही समस्याओं को अपनी नज़रों से देखकर उसका समाधान निकालते हैं। ये तस्वीरें सितारगंज विधानसभा के उन इलाकों की है जहाँ पानी का कहर लोगों के लिए मुसीबत बन गया है। स्थानीय प्रभावितों के साथ साथ अपनी टीम और अधिकारीयों के संग जब मिनिस्टर सौरभ बहुगुणा घुटन भर उफनाते इस पानी में उतरे तो उनके साथ लोग भी चल पड़े।

**जनप्रतिनिधि ले सौरभ बहगुणा से सबक :** अगर प्रदेश के सभी जन प्रतिनिधि और अफसर मंत्री सौरभ बहगुणा के जैसा ज़ज़्बा और संवेदनशीलता दिखाएं तो निश्चित ही प्राकृतिक आपदा हो या कोई अन्य समस्या उसका समाधान और सरकार के राहत कार्यों में तेज़ी भी साफ़ नज़र आएगी। लोगों ने भी कहा कि जब खुद मंत्री उनकी समस्या को देखने पानी में उतरकर जायज़ा लेते हैं तो अफसरों को भी कुर्सी छोड़ कर फील्ड में आना पड़ता है जिससे लोगों को सीधे लाभ मिलता है लिहाज़ा अन्य विधायकों और मंत्रियों को भी सौरभ बहगुणा से सीख लेनी चाहिए और जनता के साथ खड़े दिखना चाहिए जिससे सरकार की छवि भी संवारती है।

# देहरादून के डॉ अवनीश बने देश के सबसे युवा जूडो रेफरी, अंतरराष्ट्रीय मंच पर किया नाम रोशन

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



देहरादून 09 जुलाई : कजाकिस्तान के अल्मारी शहर में इंटरनेशनल जूडो फेडरेशन के और से 1 जुलाई से 5 जुलाई तक परीक्षा का आयोजन किया गया था जिसमें डॉ अवनीश ने सफलता हांसिल कर ली है और इसी के साथ वे 34 साल के देश के सबसे युवा अंतरराष्ट्रीय जूडो रेफरी भी बन गए हैं।दून के होनहार युवा ने अंतराष्ट्रीय स्तर पर पूरे प्रदेश के साथ देश का नाम भी रोशन किया है। जूडो एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के सचिव सतीश शर्मा ने बताया कि कजाकिस्तान में आयोजित हुई जुडो रेफरी की परीक्षा में अवनीश ने देश का प्रतिनिधित्व किया और परीक्षा ए ग्रेड से उत्तीर्ण की, इस परीक्षा में भारत समेत विभिन्न देशो के रेफरी शामिल हुए थे। अवनीश भट्ट पहले से ही जूडो यूनियन ऑफ एशिया के एक ग्रेड रेफरी रह चुके हैं। देहरादून के तपोवन एन्क्लेव डॉ अवनीश भट्ट 34 साल के अवनीश देश के सबसे युवा इंटरनेशनल जूडो रेफरी भी बन गए हैं।अंतरराष्ट्रीय रेफरी बनने के बाद अवनीश ने ओलंपिक और वर्ल्ड जूडो चैंपियनशिप के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है। वे भविष्य में अंतरराष्ट्रीय इवेंट्स में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। अवनीष की इस सफलता पर जूडो एसोसिएशन, खेल प्रेमियों और देहरादून के लोगों ने खुशी जाहिर की है।

## संक्षिप्त खबरें

### गोदियाल जमकर सरकार पर बरसे

चमोली। बदरीनाथ विधानसभा उपचुनाव प्रचार के आखिरी दिन सोमवार को पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने गोपेश्वर रामलीला मैदान में चुनाव सभा की। गोदियाल ने कहा भाजपा और सरकार जनता के दर्द में कभी शामिल नहीं रही। गोदियाल ने बदरीनाथ विधानसभा उप चुनाव को सत्य और अधर्म के चयन का भी चुनाव बताया। कहा कि भाजपा प्रत्याशी ने जनता के विश्वास और कांग्रेस के साथ धोखाधड़ी कर गलत किया है। बदरीनाथ की सत्यनिष्ठ जनता ऐसे व्यक्ति को चुनाव में पराजित कर सत्य का साथ देगी। कहा पीठ पर खंजर घोपने वालों को समाज कभी माफ नहीं करता है। गोदियाल ने कहा पूर्व विधायक राजेन्द्र भंडारी जिन उपलब्धियों को गिना रहे हैं वे सब कांग्रेस सरकार की देन है। गोपेश्वर की जनसभा को प्रताप नगर विधायक विक्रम सिंह नेगी, केदारनाथ के पूर्व विधायक मनोज रावत, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश नेगी, महिला कांग्रेस की अध्यक्ष ऊषा रावत, धीरेन्द्र गडोरिया, गोविन्द सिंह सजवाण, प्रमोद बिष्ट, योगेन्द्र बिष्ट आदि ने संबोधित कर कांग्रेस प्रत्याशी के लिए वोट मांगे।

### लिंचौली में होगी बुरांश सहित जंगली पेड़ों की वाटिका तैयार

रुद्रप्रयाग। हरेला पर्व के मौके पर केदारनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने डंपिंग जोन एवं क्रैश बैरियर के पास संभावित स्थानों पर बांस, पीपल, अशोक सहित अन्य पौधे रोपे जाएंगे। वहीं वन विभाग केदारनाथ पैदल मार्ग लिंचौली में बुरांश सहित अन्य जंगली पेड़ों की वाटिका तैयार करेगा। विकास भवन में आयोजित बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जीएस खाती ने कहा कि हरेला पर्व सहित मानसून अवधि में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पूरी रणनीति के साथ पौधरोपण किया जाना चाहिए। हरेला के दौरान दो लाख से अधिक पौधों का रोपण किया जाएगा। इसके लिए सभी विभाग वन विभाग, उद्यान, कृषि विभाग से संपर्क आपसी समन्वय बनाएं। केदारानाथ हाईवे पर सुरक्षा एवं सुंदरता की दृष्टि से बांस, पीपल एवं अन्य ऐसे पौधे रोपे जाएंगे, जिनसे भूस्खलन एवं भू-क्षरण से राहत मिल सके।

# शैक्षणिक करार : क्वांटम विश्वविद्यालय और उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय अब एक साथ

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

रुड़की 09 जुलाई : शैक्षणिक करार:रूडकी क्वांटम विश्वविद्यालय परिसर में क्वांटम विश्वविद्यालय और उत्तराखंड संस्कृत विश्व विद्यालय,हरिद्वार के मध्य आपसी शैक्षणिक मसौदे पर हस्ताक्षर किये गए। इस एतिहासिक शैक्षणिक मसौदे के तहत दोनों ही शिक्षण सस्थान भारतीय ज्ञान परम्परा के विस्तार, अनुशीलन , शिक्षण, नवाचार, अध्ध्य्यन और अनुसंधान से सम्बंधित कई प्रकार की कार्यशालाएं और वैचारिक संगोष्ठी आयोजन करने का हुआ एतिहासिक करार,इस मसौदे पर उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्याल के कुलपति प्रोफ़ेसर दिनेश शास्त्री और क्वांटम विश्विद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर विवेक कुमार ने अपने हताक्षर किये। शिक्षक और छात्रों का नवाचार

इस अवसर पर क्वांटम विश्वविद्यालय कुलाधिपति अजय गोयल ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा की दोनों विश्वविद्याल के मध्य इस आपसी करार से छात्रों को भारतीय परम्परा और अपने देश की अमूल्य सस्कृति को समझने और उससे जुड़ने के लिए सही मार्गदर्शन मिल सकेगी।

इस करार से छात्र के साथ शिक्षक भी ज्ञान और नवाचार के नए आयाम को समझ सकेंगे और देश को सांस्कृतिक तौर पर विश्व में स्थापित करने में अपना सहयोग दे पाएंगे। इस अवसर पर क्वांटम विश्विद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर विवेक कुमार ने इस करार को विश्वविद्याल के लिए नयी शिखर को छूने में मिल का पत्थर बताया। इस मौके पर कुलाधिपति अजय गोयल, कुलपति प्रोफ़ेसर विवेक कुमार, क्वांटम बिजिनेश स्कूल के निदेशक प्रोफ़ेसर मनीष श्रीवास्त्व , रजिस्ट्रार डाक्टर अमित दीक्षित, डाक्टर निर्मेश शर्मा और डाक्टर वर्षा गुप्ता भी मौजूद रही।



मसौदे पर हताक्षर के बाद अपने विचार व्यक्त करते हुए उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्याल के कुलपति प्रोफ़ेसर दिनेश शास्त्री ने कहा की इससे दोनों विश्वविद्याल के शिक्षकों ,शोधार्थियों और विधार्थियो को अपने देश की पौराणिक और प्राचीन भाषा की महत्ता को समझने और उसे सीखने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा की दोनों विश्यविद्याल अपने शिक्षण-अधिगम वातावरण और अनुसंधान को संभंधित क्षेत्र और विषय के स्तर तक बढ़ने के लिए एक दूसरे का सहयोग करेंगे। इस करार से दोनों सस्थानो के छात्रों और शोधार्थियों को किसी भी प्रस्तावित कार्यक्रम में भाग लेने का मौका मिलेगा। इस अवसर पर उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्याल के मूल्य चेतना प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी डाक्टर विनय सेठी भी उपस्थित रहे।

# मंत्री गणेश जोशी ने 'एक पेड़ मां का नाम' अभियान के तहत मां के सम्मान में वृक्षारोपण किया





■ माँ दुनिया का अनमोल रिश्ता मां के सम्मान और प्रकृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए एक वृक्ष लगाने का मंत्री गणेश जोशी ने प्रदेश वासियों से किया आव्हान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 08 जुलाई : कृषि मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून स्थित नया गांव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर ₹एक पेड़ मां का नाम₹ अभियान के तहत मां के सम्मान में वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर मंत्री गणेश जोशी ने कहा दुनिया का सबसे अनमोल रिश्ता माँ के साथ होता है और 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान प्रतीक है माँ के प्रति आदर, सम्मान, निष्ठा एवं कर्तव्य का है।

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने प्रदेशवासियों से प्रकृति के संरक्षण एवं संवर्धन के देशव्यापी अभियान में अधिक संख्या में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर मां के नाम पेड़ लगाने के अभियान में समिल्लित होकर प्रकृति के संरक्षण और संवर्धन में अपनी भूमिका निभाने का आव्हान किया। उन्होंने सभी से वृक्षारोपण के बाद पौधे की देखभाल करने की भी अपील की। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष ज्योति कोटिया, संध्या थापा, दिनेश प्रधान सहित कई स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## मसूरी में कार खाई में गिरी, दो को बचाया


देहरादून। मसूरी में एक कार खाई में गिरने से दो युवक घायल हो गए। घायलों में एक को सोमवार को सिविल अस्पताल मसूरी से छुट्टी दे दी गई। कोतवाली मसूरी के पुलिस निरीक्षक अरविंद चौधरी ने बताया कि रविवार शाम को पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 पर कार के दुघर्टनाग्रस्त होने की सूचना मिली थी। बताया कि गज्जी बैंड के आगे कार करीब 10 मीटर खाई में जा गिरी। हादसा हाथीपांव वाली रोड पर हुआ। मौके पर पहुंची पुलिस ने आपदा बचाव उपकरणों की मदद से घायलों को कार से बाहर निकाला। दोनों को मसूरी सिविल अस्पताल ले जाया गया। दोनों युवक रजत निवासी ज्वालापुर, हरिद्वार और विकास ठाकुर निवासी विकास कॉलोनी हरिद्वार के रहने वाले हैं।

## मसूरी में साइकिल रिक्शा मजदूरों को मिले ई-रिक्शा

देहरादून। मसूरी मजदूर संघ ने साइकिल रिक्शा की जगह ई-रिक्शा देने की मांग को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2017 में मुख्यमंत्री कार्यालय से इसके आदेश हो गए थे, पर इन पर आज तक अमल नहीं हो पाया है। सामाजिक कार्यकर्ता मनीष गौनियाल के नेतृत्व में मजदूर संघ ने ज्ञापन देते हुए कहा कि संघ ई रिक्शा संचालन के लिए तैयार है। जिलाधिकारी से मांग की गई कि मसूरी में साइकिल रिक्शा के स्थान पर ई रिक्शा का संचालन किया जाय व जो मजदूर ई रिक्शा नहीं चलाना चाहते उनका पुनर्वास किया जाय।

# हल्द्वानी : 10वीं की नाबालिग छात्रा को लेकर फरार हुआ फुटबॉल कोच, पुलिस जांच में जुटी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



हल्द्वानी 09 जुलाई : हल्द्वानी शहर के एक प्रतिष्ठित स्कूल के खेल शिक्षक 10वीं कक्षा की एक नाबालिग छात्रा को लेकर गायब हो गया है। इस घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर शिक्षक की खोजबीन शुरू कर दी है।पुलिस को तहरीर देते हुए परिजनों ने बताया है कि उनका और उनके बड़े भाई का परिवार साथ रहता है और उनकी भतीजी शहर के जाने-माने स्कूल में 10वीं में पढ़ती है। 3 जुलाई को भतीजी स्कूल के लिए घर से निकली लेकिन वह घर नहीं पहुंची। इसपर परिजन उसे ढूंढ़ते हुए स्कूल पहुंचे तो उन्हें पता चला कि बिटिया स्कूल नहीं आई, इसपर उसकी सहेलियों ने बताया कि फुटबॉल कोच उसे स्कूटी में बिठाकर अपने साथ ले गए थे।परिजनों ने पुलिस को जानकारी देते हुए बताया है कि शिक्षक उनकी नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर ले गया है। परिजनों ने पुलिस से जल्द ढूंढ़ने की गुहार लगाई है इस से पहले की उसके साथ कोई अनहोनी घटना न हो जाए। कोतवाली एसएसआइ ने बताया कि शिक्षक के खिलाफ नाबालिग को भगाने के आरोप में विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है, पुलिस सर्विलांस की मदद से दोनों की तलाश कर रही है और जल्द ही आरोपी और नाबालिग को ढूंढ लिया जाएगा।

## बैठक में पेयजल और सिचांई नहर की समस्याओं पर हुई चर्चा

श्रीनगर गढ़वाल। प्रधान संगठन कीर्तिनगर की सोमवार को मासिक बैठक आयोजित की गई। बीडीसी हॉल कीर्तिनगर में प्रधान संगठन के अध्यक्ष सुनय कुकशाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में जनप्रतिनिधियों ने सिंचाई , पेयजल सहित अन्य समस्याओं के निस्तारण पर चर्चा की। बैठक में सभी ग्राम प्रधानों ने एक राज्य, एक पंचायत चुनाव कराये जाने की मांग की। प्रधान संगठन कीर्तिनगर के अध्यक्ष सुनय कुकशाल ने बताया कि उत्तराखंड में एक राज्य एक पंचायत चुनाव किए जाने को लेकर लम्बे समय से सभी संघर्षरत हैं। हरिद्वार को छोड़कर शेष 12 जनपदों में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव किए जाने प्रस्तावित हैं। कहा कि यदि जल्द से मांग पर कार्यवाही नहीं होती है तो पंचायत जनप्रतिनिधि 15 जुलाई से पंचायतीराज निदेशालय में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठने को मजबूर होंगे। कहा कि कीर्तिनगर ब्लाक के सभी गांवों में बंदरो के आतंक से लोग परेशान हैं। बंदरों द्वारा फसलों का अत्यंत नुकसान किया जा रह है, लेकिन वन विभाग द्वारा बंदरों को पकड़ने के लिए कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। जिस कारण किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। उन्होंने वन विभाग से जल्द से जल्द बंदरों से निजात दिलाए जाने की मांग की है। कुकशाल ने कहा कि कीर्तिनगर ब्लॉक के समस्त ग्राम पंचायतों में पानी की किल्लत बनी हुई है, लेकिन जल संस्थान और जल निगम की उदासीनता के चलते पेयजल समस्या का निस्तारण नहीं हो पा रह है। कहा कि अधिकांश जगहों पर नहरों के जर्जर स्थिति में होने से किसानों को सिचांई के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है। नहरों की मरम्मत किये जाने को लेकर कई बार सिंचाई एवं लघु सिचांई विभाग को बार बताया गया है, लेकिन विभागीय अधिकारियों के द्वारा किसी भी प्रकार की कार्यवाही अमल में नहीं लाई गयी। कहा कि जल्द ही प्रधान संगठन मामले में विभागीय अधिकारियों को ज्ञापन प्रेषित कर समस्याओं से अवगत करवायेगा।

## साइकिल रैली से 150 किलोमीटर का सफर

देहरादून। सोशल एजुकेशनल एंड वेलफेयर एसोसिएशन(सेवा) ने संरक्षण की ओर कदम अभियान में दो दिनों में 1560 पौधे रोपने का दावा किया है। संस्था के कार्यकर्ताओं ने इस पौधारोपण के लिए साइकिल रैली के जरिए 150 किमी की दूरी तय की। अभियान के तहत वर्ष का अंतिम कार्यक्रम 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस पर होगा। जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए संस्था द्वारा पेडलिंग टूवड्र्स कंजर्वेशन साइकिल रैली की शुरुआत राजभवन के पास शौर्य स्थल से की गई। जिसमें इनर-व्हील क्लब के अध्यक्ष और सचिव, उत्तराखंड बाल विकास परिषद के बोर्ड सदस्य/कोषाध्यक्ष और परियोजना निदेशक, सेवा बोर्ड के सदस्य, सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। वरिष्ठ छाती रोग विशेषज्ञ डॉ. अरुण कुमार ने साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाई। कर्नल अनिल गुरुंग के नेतृत्व में बड़ी संख्या में साइकिल चालक घंटाघर, ईसी रोड, रेसकोर्स, हरिद्वार बाईपास होते हुए डिकैथेलॉन पहुंचे।

## संक्षिप्त खबरें

### लायंस क्लब ने स्कूली बच्चों को ड्रेस एवं छाते किये वितरित

श्रीनगर गढ़वाल। इंटरनेशनल लायंस क्लब श्रीनगर द्वारा विकासखण्ड खिर्सू के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दत्ताखेत एवं सौडू-क्वीसू में सोमवार को जरूरतमंद अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को निःशुल्क स्कूल ड्रेस एवं छातों का वितरण किया गया। साथ ही प्रकृति पर्व हरेला के तहत दोनों विद्यालय में पौधरोपण कार्यक्रम मनाया गया। इंटरनेशनल लायंस क्लब के अध्यक्ष वासुदेव कंडारी ने कहा कि यदि शिक्षा विकास का ताला है तो शिक्षक उसकी चाबी है। प्रत्येक बच्चे को शिक्षा मिले इसके लिए सरकार व सामाजिक संस्थाओं को भी इस और ध्यान देना चाहिए कि कोई भी बच्चा शिक्षा में किसी भी कमी की वजह से ज्ञान से वंचित न रहे। समाजसेवी राजीव बिश्नोई ,सत्य सिंह तड़ियाल ने प्रकृति पर्व हरेला पर वृक्षारोपण के साथ सभी को पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने के लिए आह्वान किया। पीएम मोदी के आह्वान पर एक पेड़ अपने नाम और एक पेड़ मां के नाम लगाने के लिए उन्होंने सभी से अपील की।मौके पर प्रधानाचार्य विपिन गौतम, पूनम रतूड़ी,सुनीता नेगी, प्रसन्ना देवी,आशा देवी,जगत सिंह भंडारी, शंकरमणि थपलियाल, सुबोध चमोली,माधुरी गैरोला,शैफाली कुंवर,अनुज नौडीयाल आदि उपस्थित रहे।

### डेंगू से बचाव के लिए जागरूक कर रहा निगम

श्रीनगर गढ़वाल। नगर निगम श्रीनगर ने सोमवार को नगर क्षेत्र के वीरचन्द्र सिंह गढ़वाली मार्ग, गोला बाजार, अपर बाजार समेत विभिन्न जगहों पर डेंगू से बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान नगर निगम ने गंदगी फैलाने और पॉलीथिन का प्रयोग करने वालों 12 लोगों के चालान काटे जिसमें से 9 पॉलीथिन का प्रयोग करने और 3 गंदगी फैलाने वालों से एक हजार आठ सौ रुपये का अर्थदंड वसूला गया। साथ ही निगम के कर्मचारियों ने डेंगू से बचाव और रोकथाम की लोगों को जानकारी दी। नगर निगम के वरिष्ठ सफाई निरीक्षक शशि पंवार ने कहा कि निगम द्वारा लोगों को डेंगू से बचाव के लिए जागरूक किया जा रहा है। कहा कि गंदगी फैलाने और पॉलीथिन का प्रयोग करने वाले लोगों पर कार्रवाई करते हुए 12 लोगों का चालान किया गया है। कहा कि नगर क्षेत्र के सभी नालों की सफाई कराई जा चुकी है। निगम का डेंगू से बचाव को लेकर लगातार अभियान जारी है।

### छात्रों ने ली तंबाकू से दूर रहने की शपथ

श्रीनगर गढ़वाल। रेनबो पब्लिक स्कूल चौरास में सोमवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर छात्रों को तंबाकू निषेध की शपथ दिलाई गई। इस दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. रेखा उनियाल ने बच्चों को तंबाकू और मादक पदार्थो से दूर रहने को कहा। उन्होंने छात्रों को अपने आस-लोगों को भी तंबाकू का सेवन न करने को लेकर जागरूक करने का संदेश दिया। छात्रों ने भी तंबाकू से दूर रहने की शपथ ली।

### छात्र संसद के पदाधिकारियों को दिलाई गई शपथ

श्रीनगर गढ़वाल। श्रीनगर गढ़वाल। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज श्रीकोट गंगानाली में सोमवार को छात्र ससंद एवं कन्या भारती का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। समारोह में अभिवन गैरोला ने प्रधानमंत्री और अभिषेक नेगी ने सेनापति के पद पर कर्तव्य निष्ठा और अनुशासन के साथ कार्य करने की शपथ ली। वहीं कन्या भारती के अध्यक्ष के रूप में मनीक्षा गैरोला, नीलम ने सचिव और अनुजा सिलोड़ी ने मंत्री के पद पर शपथ ली। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि व्यापार सभा के अध्यक्ष नरेश नौटियाल ने सभी छात्र संसद और कन्या भारती के पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छात्र संसद छात्रों के संपूर्ण विकास की परिकल्पना का अभिन्न अंग है। इससे छात्रों को शैक्षिक के साथ-साथ राजनीतिक, सांस्कृतिक क्रियात्मक रूप से योग्य बनने और विद्यालय से निकलकर देश व समाज को नई दिशा देने का मार्ग प्रशस्त होगा। कार्यक्रम में व्यापार सभा के महासचिव त्रिभुवन सिंह राणा ने कहा कि बचपन से ही लोकतंत्र के प्रति आस्था और जिम्मेदारियों का अहसास कराने के लिए छात्र संसद का गठन सकारात्मक प्रयास है।

# जरूरत से ज्यादा Vitamin D ले सकता है आपकी जान


**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 09 जुलाई : हमारे शरीर को सही तरीके से काम करने के लिए विभिन्न पोषक तत्वों की जरूरत होती है। शरीर में मौजूद सभी पोषक तत्व हमारे सही विकास और हमें सेहतमंद बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। विटामिन डी इन्हीं पोषक तत्वों में से एक है, जो हमारी हड्डियों, दांतों और मांसपेशियों के स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। ऐसे में शरीर में इसकी पूर्ति करना बेहद आवश्यक है, लेकिन कहते हैं कि किसी भी चीज की अति सेहत के लिए हानिकारक होती है। विटामिन डी के साथ भी यह कहावत सटीक बैठती है।

जिस तरह शरीर में इसकी कमी हानिकारक होती है, ठीक उसी तरह इसकी ज्यादा मात्रा भी आपके लिए घातक साबित हो सकती है। बीते दिनों यूके में 89 वर्षीय डेविड मिचेनेर की विटामिन डी के हाई लेवल की वजह से मौत हो गई। वह बीते नौ महीने से विटामिन डी सप्लीमेंट्स ले रहे थे। ऐसे में आज इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे शरीर में ज्यादा विटामिन डी होने के कुछ साइड इफेक्ट्स के बारे-

क्यों जरूरी है विटामिन डी?विटामिन डी कैल्शियम और फास्फोरस अब्जॉर्प्शन को रेगुलेट करके, हड्डियों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और इम्यूनिटी मजबूत बनाकर पूरे स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह हड्डियों और दांतों को बनाने में भी मदद करता है, जिससे ऑस्टियोपोरोसिस का खतरा कम होता है और मांसपेशियों के कार्य में मदद होती है। इसके अवाला विटामिन डी में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं और यह हार्ट डिजीज, ऑटोइम्यून डिसऑर्डर और कुछ कैंसर सहित कुछ पुरानी बीमारियों के जोखिम को कम करने में मदद कर सकता है।

विटामिन डी ओवरडोज के गंभीर परिणामविटामिन डी का सबसे अच्छा सोर्स सूरज की रोशनी है। साथ ही कुछ फूड आइटम्स जैसे फैट युक्त मछली और फोर्टिफाइड फूड्स से भी शरीर में इसकी पूर्ति की जा सकती है। इसके अलावा कई लोग सल्पीमेंट्स की मदद से भी शरीर में इसकी कमी दूर करते हैं। हालांकि, जब कोई ज्यादा




मात्रा में इन सल्पीमेंट्स का सेवन करता है, तो इससे विटामिन डी टॉक्सिसिटी या हाइपरविटामिनोसिस हो सकता है। विटामिन डी टॉक्सिसिटी आमतौर पर तब होती है जब विटामिन डी का अधिक सेवन किया जाता है।

कैसे करें विटामिन डी टॉक्सिसिटी की पहचानविटामिन डी टॉक्सिसिटी के लक्षण स्थिति की गंभीरता के आधार पर अलग-अलग हो सकते हैं। इसके शुरुआती चरण के लक्षणों में मतली, उल्टी, भूख कम लगना, कब्ज, कमजोरी और वजन कम होना शामिल हो सकते हैं। ज्यादा गंभीर मामलों में, अत्यधिक विटामिन डी से हाइपरकैल्सीमिया हो सकता है, जो खून में कैल्शियम के हाई लेवल को दर्शाता है। हाइपरकैल्सीमिया के लक्षणों में भ्रम, भटकाव, अत्यधिक प्यास, बार-बार पेशाब आना और किडनी डैमेज शामिल हो सकते हैं।

कैसे करें विटामिन डी टॉक्सिसिटी से बचाव?जब विटामिन डी टॉक्सिसिटी से बचाव की बात आती है, तो इसकी रोकथाम महत्वपूर्ण है। इसके बचने के लिए पर्याप्त मात्रा में ही विटामिन डी की खुराक ली जानी चाहिए। ज्यादातर वयस्कों के लिए विटामिन डी की निर्धारित मात्रा प्रति दिन 600 से 800 आईयू तक होती है। इसके अलावा फोर्टिफाइड फूड्स और कॉड लिवर ऑयल का सेवन भी सावधानी से करना चाहिए, क्योंकि अत्यधिक सेवन से विटामिन डी की अधिकता हो सकती है।

# बीमारी का बहाना मारकर घूमने निकली लड़की, एयरपोर्ट पर मिले बॉस, फिर हुआ कुछ ऐसा

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 09 जुलाई : बड़े बुजुर्ग कहते हैं कि अगर आपकी किस्मत खराब हो तो आप ऊंट पर बैठे भी हो तो भी आपको कुत्ता काट सकता है. इस कहावत का सीधा मतलब है कि आपके सभी काम मजे से हो रहे हो और अचानक आपके साथ कुछ ऐसा हो जाता है कि आपके सारे खेल बिगड़ जाता है. ऐसा ही कुछ इन दिनों एक महिला के साथ हुआ उसने ऑफिस से बहाना मारकर छुट्टी ली, लेकिन फ्लाइट में उसके साथ एक लेवल का खेल हो गया और उसकी प्लानिंग धरी की धरी रह गई।




बड़े बुजुर्ग कहते हैं कि अगर आपकी किस्मत खराब हो तो आप ऊंट पर बैठे भी हो तो भी आपको कुत्ता काट सकता है. इस कहावत का सीधा मतलब है कि आपके सभी काम मजे से हो रहे हो और अचानक आपके साथ कुछ ऐसा हो जाता है कि आपके सारे खेल बिगड़ जाता है. ऐसा ही कुछ इन दिनों एक महिला के साथ हुआ उसने ऑफिस से बहाना मारकर छुट्टी ली, लेकिन फ्लाइट में उसके साथ एक लेवल का खेल हो गया और उसकी प्लानिंग धरी की धरी रह गई।

आपको लग सकता है कि फिर तो ग्रेस को नौकरी से निकाल दिया गया होगा नहीं, ऐसा कुछ भी नहीं हुआ. ग्रेस ने बताया कि दोनों ही एक दूसरे को देखकर हंसने लगे और ग्रेस ने उन्हें पूरी बात बताई. इस हरकत के बावजूद उसकी नौकरी नहीं गई. अपने पोस्ट में ग्रेस ने बताया कि दोनों ही एक दूसरे को देखकर हंसने लगे. इस पोस्ट के वायरल होने के बाद लोगों ने इस पर तरह-तरह के कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दिए जा रहे हैं।

## दून में डीएम की जनसुनवाई में आई जलभराव की समस्याएं

देहरादून। देहरादून में सोमवार को जिलाधिकारी साप्ताहिक जनसुनवाई में लोगों की समस्याओं को सुन रही हैं। यहां आज अधिकांश समस्याएं अलग-अलग क्षेत्रों में जलभराव और बारिश की वजह से आ रही मुश्किलों को लेकर आई हैं। कलक्ट्रेट परिसर स्थित ऋषिपर्णा सभागार में सोमवार को जिलाधिकारी सोनिका ने 11 बजे जनसुनवाई में लोगों की शिकायतों को सुनना शुरू किया। सिर्फ देहरादून शहर ही नहीं बल्कि डोईवाला, ऋषिकेश, विकासनगर से भी लोग यहां अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे हैं। खासतौर पर बरसात की वजह से जगह-जगह जलभराव और भूमि कटाव रोकने को लेकर लोग डीएम से मिल रहे हैं। इसके अलावा चकराता क्षेत्र में बंद पड़ी सड़कों को खुलवाने को लेकर भी लोगों ने डीएम के जनसुनवाई कार्यक्रम में शिकायत की है। इसके अलावा जमीनों से जुड़े विवाद की भी कई शिकायतें यहां डीएम के सामने आई हैं। जिलाधिकारी सोनिका ने सभी अफसरों को जनता से जुड़ी समस्याओं का तत्काल निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं।

## परिवहन विभाग की नई तबादला नीति के खिलाफ कर्मचारियों ने मोर्चा खुला

देहरादून। सोमवार को राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष अरुण पांडे के नेतृत्व में परिवहन विभाग के प्रवर्तन कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों ने सचिवालय में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी से मुलाकात की। उन्होंने मुख्य सचिव से अनुरोध किया कि वो परिवहन मुख्यालय से भेजे गए नई नीति के प्रस्ताव को किसी सूरत में मंजूरी नहीं दें। प्रवर्तन कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार बहुगुणा, परिवहन कर अधिकारी संगठन के प्रदेश महामंत्री अनिल नेगी ने कहा कि राज्य में वर्ष 2017-18 से तबादला कानून ऐक्ट लागू है। यह सभी विभागों पर एक समान रूप से लागू है। लेकिन विभाग केवल 200 कर्मचारियों के लिए अलग से तबादला नीति तैयार कर रहा है। यह बेहद अजीबोगरीब स्थिति है। नई नीति के बाबत शासन को भेजे गए प्रस्ताव कई विसंगतियां भी हैं। इससे प्रतीत हो रहा है कि केवल फील्ड कर्मचारियों को परेशान करने के लिए नई नीति बनाई जा रही है।

## तेज बारिश से उफनाई बिंदाल में बह गई किशोरी

देहरादून। बिंदाल नदी किनारे बस्ती में रहने वाली 17 वर्षीय किशोरी तेज बारिश के दौरान सोमवार को नदी में बह गई। घटना लालपुल के नजदीक सत्तोवाली घाटी की है। सूचना मिलने पर पुलिस, फायर और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। देर शाम तक लालपुल के पास से लेकर मोथरोवाला तक सर्च अभियान चलाया गया। पुलिस मुताबिक हादस उस वक्त जब किशोरी बारिश में नहा रही थी। सोमवार दोपहर करीब एक बजे तेज बारिश शुरू हुई। सीओ सदर अनिल जोशी के मुताबिक बारिश में सत्तोवाली घाटी निवासी फिजा घर पास नहा रही थी। इनका घर बिंदाल नदी से लगे पुश्ते पर है। बारिश में नहाते हुए फिजा दोपहर करीब पौने दो बजे घर के बाहर नदी किनारे आई। इस दौरान उसने आसपास ध्यान से नहीं देखा। अचानक उसका पैर फिसला और बिंदाल नदी में जा गिरी। इस बीच बिंदाल नदी बारिश के चलते उफान पर थी। गिरने पर उसने एक पेड़ को पकड़ने का प्रयास किया। पकड़ मजबूत नहीं बन पाने के चलते वह तेज पानी में डूबते हुए बहती चली गई। आसपास के लोग उसे देखते हुए बचाने के प्रयास में नदी किनारे लालपुल तक दौड़े। वहां पहुंचकर फिजा पानी दिखाई देना बंद हो गई।

## संक्षिप्त खबरें

### श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एन. के. जोशी ने की राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से सोमवार को राजभवन में श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एन. के. जोशी ने शिष्टाचार भेंट की। राज्यपाल ने कुलपति से विश्वविद्यालय द्वारा ''वन यूनिवर्सिटी-वन रिसर्च'' के अंतर्गत किए जा रहे शोध के संबंध में जानकारी प्राप्त की। कुलपति द्वारा ''वन यूनिवर्सिटी-वन रिसर्च'' के अंतर्गत किए जा रहे शोध ''आधुनिक परिदृश्य में भारतीय प्राच्य ज्ञान संपदा'' के संबंध प्रगति का संक्षिप्त प्रस्तुतीकरण दिया गया। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा इस प्रोजेक्ट पर बेहद गंभीरता से कार्य किया जा रहा है। कुलपति ने बताया कि इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 11-12 जून को आयोजित किया गया, जिसमें देश-विदेश के सौ से अधिक विषय-विशेषज्ञों और शोधार्थियों ने प्रतिभाग कर 228 रिसर्च पेपर प्रस्तुत किए गए। इस संगोष्ठी में प्राचीन भारतीय आयुर्वेद, गणित, पर्यावरण, कृषि, अर्थशास्त्र, धर्मग्रंथ, दर्शन, पारंपरिक भारतीय विज्ञान, भौतिकी, साहित्य, वेद, वेदांग, ज्योतिष, भूगोल, क्लोन निर्माण, वस्त्र विज्ञान, समाधि विज्ञान इत्यादि पर विचार-विमर्श हुआ। उन्होंने इस सम्मेलन से संबंधित स्मारिका एवं सार पुस्तिका राज्यपाल को प्रस्तुत की। गौरतलब है कि राज्यपाल द्वारा राज्य के सभी विश्वविद्यालयों को राज्य हित में योगदान हेतु एक वर्ष तक अपने गहन शोध के माध्यम से अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे। सभी विश्वविद्यालयों द्वारा अपनी विशेषज्ञता के अनुसार अपने शोध का विषय चयन किया गया है और जिस पर शोध कार्य गतिमान है। विश्वविद्यालयों द्वारा अगस्त माह तक मध्यांतर रिपोर्ट और 2025 तक अपनी पूरी रिपोर्ट प्रस्तुत की जानी है। वहीं कुलपति ने बीते एक वर्ष में अपनी उपलब्धियों के बारे में बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा 24 पेटेंट फाइल किए गए हैं और 15 एमओयू साइन किए गए है। वहीं अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के अलावा फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम एवं समय-समय पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया है।

### राज्यपाल ने किया ''वसंतोत्सव-2024'' पुस्तक का विमोचन

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने सोमवार को राजभवन में ''वसंतोत्सव-2024'' पुस्तक का विमोचन किया। उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा तैयार की गई यह कॉफी टेबल बुक राजभवन देहरादून में आयोजित वसंतोत्सव के क्रियाकलापों पर आधारित है। राज्यपाल द्वारा विभाग को राजभवन देहरादून में आयोजित वसंतोत्सव-2024 की कॉफी टेबल बुक बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी, जिसे उनके द्वारा पूर्ण कर लिया गया है। इस कॉफी टेबल बुक का संपादन निदेशक उद्यान दीप्ती सिंह, उपनिदेशक डॉ. रतन कुमार और सहयोग डॉ. रोहित बिष्ट, हेमवती नंदन, नेहा वर्मा एवं दीपक प्रकाश द्वारा किया गया है।


इस अवसर पर राज्यपाल ने इस कॉफी टेबल बुक बनाने में सहयोग करने वाले सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी और उनके कार्यों की सराहना की। उन्होंने इस बुक में वसंतोत्सव के सभी महत्वपूर्ण कार्यक्रमों को समाहित किया है। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्यक्रम का डॉक्यूमेंटेशन किया जाना जरूरी है ताकि उसकी स्मृतियां भविष्य के लिए जीवंत रहे। इस अवसर पर राज्यपाल ने सचिव उद्यान से विभागीय योजनाओं की जानकारी भी प्राप्त की। इस अवसर पर सचिव एस. एन. पांडे, संयुक्त निदेशक डॉ. रतन कुमार, डॉ. रजनीश, उद्यान अधिकारी राजभवन दीपक पुरोहित मौजूद रहे।

### डेंगू के रोकथाम की जिम्मेदारी नगर निगम के सफाई इंस्पेक्टरों को सौंपी

देहरादून। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने शहर में डेंगू के रोकथाम की जिम्मेदारी निगम के आठ सफाई इंस्पेक्टरों को सौंपी है। इसके अलावा उन्होंने सोमवार को अभियान की समीक्षा के दौरान शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि डेंगू का लार्वा नष्ट करने के लिए निगम की टीमों को सहयोग करें। सभी गाइडलाइन का पालन करें। अधिकारी ने समस्त सफाई इंस्पेक्टरों को आशा वर्करों के साथ समन्वय स्थापित कर वार्डों में घरों, सरकारी निजी कार्यालयों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, निजी व सरकारी स्कूलों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। डेंगू का लार्वा मिलने पर प्रति घर पहले दो सौ, दोबरा मिलने पर पांच सौ रुपये और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से पहले पांच सौ रुपये और दोबारा लार्वा मिलने पर दो हजार रुपये का चालान करने को कहा। ऐसे स्थान जहां बारिश का पानी ज्यादा दिनों तक रुकता है वहां लार्वीसाइड का छिड़काव करवाने के निर्देश दिए। सफाई इंस्पेक्टरों के नेतृत्व में आठ टीमें गठित करने को कहा, जो नगर आयुक्त को समस्त वार्डों की स्थिति से अवगत करवाएंगे।

# Paris Olympics 2024 : उत्तराखंड का दम दिखाएंगे तीन खिलाड़ी, इनसे पूरे देश को है पदक की उम्मीद

न्यूज़ वायरस नेटवर्क





पैदल चाल मिक्स्ड मैराथन में सूरज पंवार, 20 किमी पैदल चाल में परमजीत बिष्ट ने क्वालीफाई किया है और बैडमिंटन में लक्ष्य सेन ने शामिल होंगे।पेरिस में 26 जुलाई से 11 अगस्त तक ओलंपिक शुरु होने जा रहा है, जिसमें उत्तराखंड के तीन खिलाड़ी अपनी चमक बिखेरेंगे।

एथलेटिक्स में पैदल चाल मिक्स्ड मैराथन के लिए सूरज पंवार और 20 किमी पैदल चाल के लिए परमजीत बिष्ट ने क्वालीफाई कर लिया है। जबकि लक्ष्य सेन बैडमिंटन में अपना जलवा बिखेरेंगे। चमोली के परमजीत सिंह वर्तमान में भारतीय नौसेना में सेवाएं दे रहे हैं, स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के अंडर-17 और अंडर-19 श्रेणियों में परमजीत के नाम नए रिकॉर्ड दर्ज हैं। इसके अलावा खेलो इंडिया में भी उन्हें स्वर्ण पदक मिल चुका है।

पेरिस ओलम्पिक में उत्तराखंड ही नहीं, बल्कि पूरे देश को तीनों खिलाडियों से पदक की उम्मीद है। पूर्व में भी ये सभी राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में कई पदक जीत चुके हैं। लक्ष्य ने बर्मिंघम में कामनवेल्थ गेम्स-2022 के एकल मुकाबले में स्वर्ण पदक प्राप्त किया और पेरिस ओलंपिक के लिए टॉप-16 में स्थान बनाकर क्वालीफाई किया है। लक्ष्य सेन के पिता डीके सेन बैडमिंटन के अंतरराष्ट्रीय कोच हैं, लक्ष्य ने छह साल की उम्र में बैडमिंटन का रैकेट थाम लिया था और यह खेल उन्हें अपने परिवार से विरासत में मिला है। टिहरी निवासी सूरज पंवार पैदल चाल मिक्स्ड मैराथन में इस बार भारत का प्रतिनिधित्व करते नजर आएंगे। ये भी कई राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुके हैं, इन्होने वर्ष 2018 में यूथ ओलंपिक में 5,000 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता था और ये ट्रैक एंड फील्ड इवेंट में पदक जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट बने।

## संपादकीय



## ईरान के सुधारवादी राष्ट्रपति

उदारवादी, सुधारवादी मसूद पेजेशकियान का ईरान के राष्ट्रपति पद के लिए जीतना किसी आश्चर्य से कम नहीं है। ईरान में दोबारा चुनाव कराना पड़ा, क्योंकि प्रथम चरण में किसी भी प्रत्याशी को 50 फीसदी वोट नहीं मिले थे। दूसरे चरण में मसूद ईरान का नया और नरम चेहरा थे, जो समग्र तौर पर सुधारों के पक्षधर थे। उनके प्रतिपक्ष में ईरान का कट्टरवाद था। अब मसूद की जीत हुई है, तो माना जा रहा है कि अभी तक बंद, कट्टरपंथी और रूढ़िवादी ईरान के नए आयाम खुलेंगे। ईरान सांस्कृतिक, सामाजिक और अंतरराष्ट्रीय संघर्षों और टकरावों से घिरा देश रहा है। अधिकतर पड़ोसी अरब देशों और पश्चिम से ईरान के टकरावपूर्ण और लंबे तनाव के समीकरण आज भी हैं। ईरान की जनता ने उदारवादी, सुधारवादी, नरम राष्ट्रपति का चुनाव किया है। साफ मायने हैं कि ईरान अब शेष दुनिया के साथ अमन-चैन के रिश्ते चाहता है, इंटरनेट को स्वतंत्र और मुक्त करने का पक्षधर है और खासकर औरतों पर से सामाजिक पाबंदियों और बंदिशों को उठाना चाहता है। दिवंगत राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी और उनके चुनावी प्रतिद्वंद्वी सईद जलीली की ईरान के भीतर और विदेशों के संदर्भ में नीतियां 'कट्टरवादी' थीं। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति मसूद के प्रतिपक्ष की सोच भी कट्टरपंथी थी। प्रतिपक्षी नेता जेल में भी रहे थे, लेकिन मसूद ने अपने प्रचार के लिए जो गीत रचा था, उसका सारांश यह था कि गलियों में नाचो, चुंबन लेते वक्त मत डरो और मेरी बहन, तुम्हारी बहन और हमारी बहन... ! उसके उलट प्रतिपक्षी ने ईरान की औसत औरत पर कड़े नियंत्रणों की पैरवी की, ताकि परिवार नामक संस्थान की पवित्रता बरकरार रह सके। राष्ट्रपति मसूद ने संकेत दिए हैं कि इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान में बदलावों के अध्याय जोड़े जाएंगे। उन्होंने लोगों की सेवा करने की अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया और ईरान के लोगों की चिंताओं को ध्यान से सुनने का वायदा दोहराया। सामाजिक स्तर पर सुधार किए जाएंगे। ईरानी औरत की उम्मीदें जगी हैं, लेकिन ईरान का इजरायल-विरोध जारी रहेगा। ईरान गाजा पट्टी, लेबनान, यमन का साथ देता रहेगा। ईरान पाकिस्तान और अफगानिस्तान की तनावपूर्ण सरहदों को नए आकार देने की भूमिका निभाते हुए काबुल और रावलपिंडी के बीच संतुलन स्थापित करना चाहता है। यह भूमिका ईरान का राष्ट्रीय सिद्धांत भी है। बहरहाल वहां की आर्थिक जरूरतों के मद्देनजर राष्ट्रपति मसूद चाहते हैं कि अमरीका अपनी पाबंदियां उठाए। उस संदर्भ में ईरान के रहस्यमयी 'परमाणु कार्यक्रम' का जो गतिरोध अमरीका के साथ रहा है, उसका समाधान शीघ्र ही निकालना होगा। ईरान की रूस और चीन के साथ जो सामरिक साझेदारी है, उस पर भी अमरीका को आश्वस्त करना होगा। अमरीका समेत पश्चिमी देशों के साथ ईरान के तनावपूर्ण संबंध राष्ट्रपति मसूद की सबसे गंभीर चुनौती है। जहां तक भारत-ईरान संबंधों का सवाल है, उसकी बुनियाद कच्चा तेल है।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**
**संपादक : मौ.सलीम सैफी** न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से प्रकाशित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002
**RNI No. :** UTTHIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com
**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## कांवड़ यात्रा को देखते हुए पिंक वेंडिंग जोन को किया गया शिफ्ट

हरिद्वार। कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा है। सोमवार को एसडीएम अजयवीर सिंह के नेतृत्व में रोड़ी बेलवाला से अतिक्रमण हटाया गया। रोड़ी बेलवाला में बने पिंक वेंडिंग जोन की दुकानों को भी अन्य स्थान पर शिफ्ट किया गया। एसडीएम ने बताया कि कांवड़ यात्रा में आने वाली भीड़ को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। हाथरस में हुई घटना के बाद से जिला प्रशासन आगामी कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ चुका है। जिला प्रशासन कांवड़ यात्रा के दौरान भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लगातार कार्ययोजना बना रहा है। साथ ही जिन स्थानों में सबसे अधिक भीड़ होने का अनुमान है उन स्थानों को अतिक्रमण मुक्त करने के साथ साथ ऐसे अधिकतर स्थानों को खुला रखने का कार्य कर रही है। इसी क्रम में सोमवार को रोड़ी बेलवाला क्षेत्र में बनाए गए पिंक वेंडिंग जोन को अन्य स्थान पर शिफ्ट कर दिया गया। इस दौरान एसडीएम अजयवीर सिंह के अतिरिक्त सहायक नगर आयुक्त रविंद्र दयाल, सहायक नगर आयुक्त श्याम सुंदर प्रसाद, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तरुण मिश्रा, एचआरडीए के सहायक अभियंता डीएस रावत, कर अधीक्षक लक्ष्मीकांत भटट, सफाई निरीक्षक श्रीकांत, संजय शर्मा, विकास आदि मौजूद रहे।

## सावन में मांस और शराब की बिक्री बंद करने की मांग

हरिद्वार। भैरव सेना संगठन के जिलाध्यक्ष चरणजीत पाहवा ने जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर सावन में हरिद्वार नगर निगम क्षेत्र में मांस और शराब के कारोबार पर रोक लगाने की मांग की है। सोमवार को प्रेस को दी जानकारी में पाहवा ने बताया कि बड़ा तीर्थ स्थल है। 22 जुलाई से सावन का महीना शुरू होने वाला है। कांवड़ मेले में लाखों शिवभक्त अलग-अलग राज्यों से गंगा जल लेने हरिद्वार आते हैं। कहा कि लोगों की धार्मिक आस्था को देखते हुए सावन के महीने में हरिद्वार नगर निगम क्षेत्र में मांस और शराब के कारोबार पर पूरी तरह अंकुश लगाया जाए। पाहवा ने कहा कि कांवड़ियों पर हेलीकॉप्टर से फूल बरसाने के साथ धरातल पर धर्म का प्रचार होना चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### कॉरिडोर की डीपीआर सार्वजनिक करें सरकार : कांग्रेस

हरिद्वार। हरकी पैड़ी क्षेत्र में बनाए जा रहे कॉरिडोर को लेकर सोमवार को महानगर कांग्रेस ने प्रेसवार्ता की। प्रेसवार्ता में महानगर कांग्रेस अध्यक्ष अमन गर्ग ने कहा कि कॉरिडोर को लेकर काफी लम्बे समय से शहर में के व्यापारियों एवं स्थानीय लोगों में डर और भय का माहौल है। उन्होंने कहा कि महानगर कांग्रेस मांग करती है कि कॉरिडोर की डीपीआर सरकार सार्वजनिक करे। हरिद्वार की जनता हरिद्वार की पौराणिक भौगोलिक स्थिति को नष्ट नहीं होने देगी। प्रेसवार्ता उन्होंने ऐलान किया कि यदि दस दिन के अंदर सरकार ने कॉरिडोर की डीपीआर सार्वजनिक नहीं की तो कांग्रेस कॉरिडोर से प्रभावित होने वाले व्यापारियों एवं जनता के बीच जाकर बड़ा आंदोलन करेगी। महानगर कांग्रेस ने इस दौरान स्थानीय विधायक पर भी हमला बोला। उन्होंने हरिद्वार के विधायक पर हमला बोलते हुए कहा कि कॉरिडोर के मुद्दे पर वे अपनी चुप्पी तोड़ें और कॉरिडोर को लेकर स्थिति स्पष्ट करें। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मुरली मनोहर ने कहा कि पिछले लगभग छह माह से कॉरिडोर को बनाने को लेकर बाजारों में चर्चा जोरों पर है। प्रशासन द्वारा व्यापारियों के साथ कई दौर की बैठक की जा चुकी है, लेकिन किसी भी बैठक में प्रशासन ने कॉरिडोर का नक्शा व्यापारियों के साथ साझा नहीं किया। प्रेसवार्ता में महिला कांग्रेस की शहर अध्यक्ष लता जोशी, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष तुषार कपिल, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सोम त्यागी, निवर्तमान पार्षद राजीव भार्गव, कैलाश भटट, उदयवीर सिंह, वरुण बालियान, दिनेश वालिया, शुभम जोशी, नितिन यादव, विकास, ऋषभ वशिष्ठ आदि मौजूद रहे।

### दुष्कर्म के आरोपी युवक की जमानत अर्जी रद्द

हरिद्वार। नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर ले जाकर दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी युवक मोहम्मद मुश्ताक कादरी की जमानत अर्जी एफटीएससी/अपर जिला जज चंद्रमणि राय ने रद्द कर दी है। शासकीय अधिवक्ता भूपेंद्र चौहान ने बताया कि 20 अगस्त 2022 को लक्सर क्षेत्र एक गांव की रहने वाली 15 वर्षीय नाबालिग घर से बिना बताए रेलवे स्टेशन हरिद्वार पहुंच गई थी। रेलवे स्टेशन पर उसे आरोपी युवक मिला था। आरोप है कि आरोपी युवक पीड़िता को बहला फुसलाकर अपने साथ हरकी पैड़ी पर घुमाने के बहाने होटल में गया, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। यही नहीं आरोपी युवक पर पीड़िता को बहला फुसलाकर अपने साथ हरिद्वार से दिल्ली ले जाने का आरोप भी है। पीड़िता की मां ने पुलिस में बेटी की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। दिल्ली पुलिस ने पीड़िता के परिजनों को सूचना दी थी। जहां पीड़िता का जीजा व अन्य उसे दिल्ली से हरिद्वार लेकर पहुंचे थे। घर लौटकर पीड़िता ने अपने परिजनों व पुलिस को सारी आपबीती सुनाई थी। पीड़िता के परिजनों ने आरोपी मोहम्मद मुश्ताक कादरी पुत्र अकील अहमद निवासी सिरासौल सीताराम थाना बिल्सी जनपद बदायूं यूपी के खिलाफ दुष्कर्म समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कराया था। अभियोजन पक्ष ने केस में अधिकांश गवाहों की गवाही करा दी गई है। अभियोजन पक्ष व बचाव पक्ष के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद अपर सत्र न्यायाधीश/एफटीएससी चंद्रमणि राय ने आरोपी मोहम्मद मुश्ताक कादरी जमानत अर्जी रद्द कर दी है।

### आज से तीन दिन बंद रहेगा मनसा देवी रोपवे

हरिद्वार। उषा ब्रेको लिमिटेड की ओर से संचालित मनसा देवी एवं चंडी देवी रोपवे रखरखाव के कारण बंद रहेगा। मनसा देवी मंगलवार से बंद रहेगा, जबकि चंडी देवी रोपवे 15 जुलाई को बंद होगा। इन दिनों श्रद्धालुओं को पैदल ही मंदिर दर्शन को जाना पड़ेगा। उषा ब्रेको के महाप्रबंधक मनोज डोभाल ने बताया कि मनसा देवी नौ जुलाई से 12 जुलाई और चंडी देवी उड़न खटोला 15 जुलाई से 18 जुलाई तक रख रखाव के कारण बंद रहेगा।

### चिड़ियापुर, श्यामपुर और रसियाबड़ में सोलर फेंसिंग खराब

हरिद्वार। वन प्रभाग हरिद्वार के वन क्षेत्र चिड़ियापुर, श्यामपुर और रसियाबड़ में कृषि और आबादी की सुरक्षा को करीब 50 किमी से ज्यादा सोलर फेंसिंग लगाई गई थी, लेकिन रखरखाव के अभाव में ज्यादातर फेंसिंग क्षतिग्रस्त पड़ी हैं। वन प्रभाग के पास मरम्मत कराने को बजट ही नहीं है। जिसके चलते अब हाथियों और अन्य जानवरों का ग्रामीण क्षेत्र में आना बदस्तूर जारी है और किसानों की फसल को उजाड़ रहे हैं। लालढांग के चमरिया गांव में वन विभाग द्वारा लगाई गई सोलर फेंसिंग साल भर भी टिक नहीं पाई। जिसको लेकर ग्रामीण कई बार वन विभाग से मरम्मत कराए जाने की गुहार भी लगा चुके हैं, लेकिन कोई हल नहीं हुआ। यहीं आलम दूधला दयालवाला, गैंडीखाता, सज्जनपुर, कांगड़ी, गाजीवाली का भी है। कहीं तार चोरी तो कहीं सोलर मशीन तक चोरी हो गई। सोलर फेंसिंग की मरम्मत का मामला किसी एक गांव का नहीं बल्कि जनपद के दर्जन भर गांव जहां जंगली जानवरों विशेष कर हाथियों का आतंक रहता है। सरकार ने वन विभाग द्वारा सोलर फेंसिंग लगाने का बीड़ा उठाया। शुरू के एक-दो वर्ष तक तो निर्माणदायी संस्था इस सोलर फेंसिंग की देखभाल और मरम्मत का जिम्मेदारी निभाती रही। उसके बाद लाखों की लागत से लगी इस सोलर फेंसिंग की देखभाल और मरम्मत करने वाला कोई नहीं है। समाज सेवी नागेंद्र राणा, सर्वजीत सिंह, संदीप सिंह, रघुवीर सिंह, अबल सिंह आदि का कहना कि यदि सरकार के पास सोलर फेंसिंग तारबाड़ की मरम्मत का बजट प्रावधान नहीं है तो नई सोलर फेंसिंग लगाकर पैसा बर्बाद किया जा रहा है। सरकार को मरम्मत और देखरेख की जिम्मेदारी तय करनी चाहिए। वन क्षेत्राधिकारी चिड़ियापुर हरीश गैरोला ने बताया कि क्षतिग्रस्त सोलर फेंसिंग की मरम्मत के लिए कई बार विभाग को 15 किमी क्षतिग्रस्त बाढ़ की मरम्मत के बजट की मांग की जा चुकी है। लेकिन बजट के अभाव में मरम्मत नही हो सकी।

### बारिश के बाद सब्जियां महंगी, 50 फीसदी तक उछाल

हरिद्वार। मॉनसून सीजन में जमकर आसमान से आफत बरस रही है। चिंता की बात है कि उत्तराखंड में भूस्खलन से बंद सड़कों से लोगों की परेशानी कम नहीं हो रही थी तो अब दूसरी ओर, सब्जियों के दामों ने लोगों को टेंशन देनी शुरू कर दी है। आलू-प्याज,टमाटर के दामों में उछाल दर्ज किया गया है। कुछ सब्जियों के रेटों में 50 फीसदी तक इजाफा दर्ज किया गया है। सब्जी मंडी में फुटकर विक्रताओं को कम सब्जियां मिलीं। सब्जियों की आवक कम होने से दाम भी बढ़ गए। मंडी में सब्जियों की आवक 60 फीसदी तक कम हुई है। इससे टमाटर के दाम में ढाई गुना तक बढ़ गए हैं। साथ ही प्याज, भिंडी, आलू के दाम लगभग दोगुना हो गए हैं। लौकी, तौरी तीन गुना महंगे दामों पर बिकी। फुटकर विक्रेताओं ने शनिवार को मंडी में सब्जियां बढ़े हुए दामों पर खरीदी। इस कारण बाजारों में भी ग्राहकों को सब्जी महंगे दामों पर बेची गई। सब्जियों के दाम बढ़ने से महिलाएं परेशान दिखीं। महंगाई से महिलाओं की रसोई का बजट बिगड़ गया है। हाल ही के दिनों में सब्जी मंडी में दिल्ली, हिमाचल, नागपुर, गाजियाबाद, उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्रों और अन्य राज्यों से 60 फीसदी कम वाहन सब्जियां लेकर पहुंच रहे हैं। आवक कम होने से पिछले एक माह की तुलना में सब्जियों के दाम बढ़ गए हैं। महंगी सब्जियां मिलने के कारण महिलाओं की भी दिक्कतें भी बढ़ गई हैं। उन्होंने कहा कि सब्जियां महंगी होने से रसोई का बजट गड़बड़ा गया है।

टमाटर, आलू-प्याज के रेटों में बढ़ोतरी : बरसात के साथ ही टमाटर और प्याज की कीमतों में तेजी शुरू हो गई है। एक सप्ताह में टमाटर के दाम दोगुनी बढ़ोतरी के साथ 80 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गए हैं। प्याज की कीमत में भी 50 फीसदी तक का इजाफा हुआ है। दरअसल, बरसात के कारण अलवर, नासिक आदि क्षेत्रों से उत्तराखंड की मंडियों में टमाटर, प्याज की सप्लाई कम हो गई है।

# उत्तराखंड : 1000 करोड़ वसूलेगा UPCL
# आम आदमी को 8% महंगी पड़ेगी बिजली


न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 09 जुलाई : 5 जुलाई को बोर्ड अध्यक्ष एवं मुख्य सचिव राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में उत्तराखंड पावर कारपोरेशन लिमिटेड (UPCL) की बोर्ड बैठक हुई।

UPCL की बोर्ड बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हुई, लेकिन एक मुद्दा जो पूरी बैठक में प्रमुखता से छाया रहा, वह यह था कि करीब एक हजार करोड़ रुपये जो टू अप में नियामक आयोग द्वारा स्वीकृत किए गए थे, लेकिन अप्रैल में जारी टैरिफ में उनका प्रावधान नहीं किया गया।

अप्रैल में नियामक आयोग ने इसके कई कारण बताते हुए इसे टैरिफ गणना से हटा दिया था। शुक्रवार को हुई UPCL की बोर्ड बैठक में एक हजार करोड़ की वसूली के लिए नियामक आयोग में समीक्षा याचिका दायर करने की मंजूरी दी गई। इसकी मंजूरी





स्वीकृत होने के बाद आने वाले महीनों में बिजली दरों में करीब आठ फीसदी की बढ़ोतरी हो सकती है। इसके साथ ही UPCL की बोर्ड बैठक में आरडीएसएस योजना के तहत लोड कम (Load Reduction) करने संबंधी कार्यों को मंजूरी दी गई है, जिसके आने वाले समय में टेंडर जारी किए जाएंगे।

उत्तराखंड पावर कारपोरेशन लिमिटेड (UPCL) की बोर्ड बैठक समाप्त होने के बाद यूपीसीएल एमडी अनिल कुमार ने बताया कि अब समीक्षा याचिका (Review Petition) दायर की जाएगी। नियामक आयोग द्वारा ही इस समीक्षा याचिका का निर्णय लिया जाएगा। नियामक आयोग ने इससे पूर्व 2022 में भी अतिरिक्त सरचार्ज लगाकर बिजली उपभोक्ताओं से करीब 500 करोड़ का राजस्व वसूलने का आदेश जारी किया था। नियामक आयोग द्वारा इस अतिरिक्त सरचार्ज को उपभोक्ताओं के छह महीने के बिजली बिल में जोड़ा गया था।यूपीसीएल ने Fuel and Power Purchase Cost Adjustment (FPPCA) के तहत पिछले माह बाजार से सस्ती बिजली खरीदी थी। इसके बदले में उत्तराखंड में उपभोक्ताओं को जुलाई महीने में बिजली बिल 35 फीसदी तक कम देना पड़ेगा।

1. घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 9 से 24 पैसे प्रति यूनिट
2. गैर घरेलू के लिए 35 पैसे प्रति यूनिट
3. निजी नलकूपों के लिए 10 पैसे प्रति यूनिट
4.सरकारी सार्वजनिक उपभोक्ताओं के लिए 33 पैसे प्रति यूनिट
5.एलटी उद्योगों के लिए 32 पैसे, एचटी उद्योगों के लिए 32 पैसे
6.कृषि संबंधी गतिविधियों के लिए 15 पैसे
7.मिश्रित भार के लिए 30 पैसे
8.इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशनों के लिए 29 पैसे
9.रेलवे ट्रैक्शन के लिए 30 पैसे प्रति यूनिट सस्ती बिजली दर होगी।

# अल्मोड़ा : बेरोजगारों के लिए मिसाल बने नवीन, नौकरी छोड़ गांव में सेब उत्पादन से कमा रहे हैं लाखों

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

अल्मोड़ा 09 जुलाई : मसान खाल गांव के नवीन बजेठा ने बताया कि उन्होंने 14 साल देहरादून में रहकर प्राइवेट नौकरी की जिसके बाद उन्होंने गाँव लौटकर यहाँ की बंजर जमीन पर बागवानी करते हुए सेब का उत्पादन शुरू किया। आज वे सालाना 6 लाख रुपए कमा रहे हैं और साथ ही गांव की 10 लोगों को भी रोजगार दिया है।पहाड़ों में बढ़ती बेरोजगारी की वजह से युवाओं को रोजगार की तलाश में पलायन करना पड़ रहा है।

गांवों में नौकरी के अवसर कम होने के कारण, युवा बेहतर भविष्य की तलाश में शहरों की ओर रुख कर रहे हैं। इन सबके बीच एक युवा मिसाल बने हैं, जिन्होंने गांव लौटकर खेती करने का निर्णय लिया और आज अच्छी कमाई कर रहे हैं।

उनका यह कदम अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया है, जो रोजगार के लिए शहरों का रुख करने की बजाय अपने गांव में ही अवसर तलाश सकते हैं। जनपद अल्मोड़ा के लमगड़ा विकासखंड,





शहरफाटक क्षेत्र, मसान खाल गांव के नवीन बजेठा ने बताया कि उन्होंने देहरादून में रहकर 14 साल तक निजी कम्पनियों में नौकरी की, लेकिन उनके अंदर कुछ नया करने का जज्बा था और फिर उन्होंने गांव लौटकर बागवानी शुरू की और सेब उत्पादन में अपना हाथ आजमाया जिसके फलस्वरूप उन्हें सफलता भी मिली।बेरोजगारी के चलते पलायन को देख नवीन ने स्वरोजगार का फैसला लिया उन्होंने अपनी 20 नाली बंजर भूमि को आबाद किया और एप्पल मिशन योजना के अंतर्गत इसमें सेब के पौधे लगाए, अब जाकर यह उनके रोजगार का जरिया बना है, उनकी बंजर भूमि पर अब सेबों के पेड़ लहलहा रहे हैं। प्रतिवर्ष उनके सेब के बागान में 20 टन सेब का उत्पादन होता है, जिससे सालाना 6 लाख की आय होती है। साथ ही उन्होंने अपने गाँव के 10 लोगों को भी रोजगार दिया है जो प्रतिमाह छह से सात हजार रुपए कमा रहे हैं।

## गोल्फा में खतरे की जद में आया ट्रांसफार्मर

पिथौरागढ़। विकासखंड के गोल्फा के तोक नाथिंग में लगातार हो रही बारिश के बाद ट्रांसफार्मर खतरे की जद में आ गया है। शुक्रवार को युकां जिलाध्यक्ष डीडीहाट विक्रम दानू ने बताया कि भूस्खलन होने से बिजली के पोलों पर लगा ट्रांसफार्मर कभी गिर सकता है। इससे गोल्फा, बोना, तोमिक में बिजली संकट की समस्या खड़ी हो सकती है। दानू ने प्रशासन से उक्त ट्रांसफार्मर को अन्यत्र सुरक्षित स्थान में शिफ्ट करने की मांग की है।

## पुलिस ने पकड़ी रई में होटल से शराब

पिथौरागढ़। नगर के रई स्थित एक होटल से पुलिस ने शराब पकड़ी है। सोमवार को पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक अपर उपनिरीक्षक कुबेर सिंह के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान होटल से शराब व बीयर बरामद हुई। पुलिस ने संबंधित होटल संचालक भंडारी गांव निवासी मनोज सिंह के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

## आदिचौरा-चामा सड़क खोलने को ज्ञापन दिया

पिथौरागढ़। यूथ कांग्रेस ने प्रशासन से डीडीहाट विकासखंड के आदिचौरा-चामा सड़क खोलने की मांग की है। सोमवार को युकां जिलाध्यक्ष डीडीहाट विक्रम दानू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को ज्ञापन दिया। इस दौरान उन्होंने आदिचौरा से सीनी होते हुए चामा को जोड़ने वाली सड़क बंद है। इससे ग्रामीण परेशान हैं। कहा कि सड़क बंद होने से गांवों में खाद्यान्न संकट भी गहराने लगा है। उन्होंने जल्द सड़क न खुलने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। ज्ञापन देने वालों में युकां प्रदेश महासचिव हिमांशु चुफाल, दिनेश चुफाल, संजय चुफाल आदि मौजूद रहे।

## बारिश में भी धरने पर डटे रोडवेजकर्मी

पिथौरागढ़। सीमांत में रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के बैनर तले अपनी मांगों को लेकर बारिश के बीच धरने में डटे रहे। सोमवार को कर्मचारियों ने धरना-प्रदर्शन कर आक्रोश जताया। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जाती वे धरने में डटे रहेंगे। नगर के भदेलबाड़ा स्थित रोडवेज वर्कशॉप में चौथे दिन भी कर्मचारी धरने में डटे रहे। वक्ताओं ने कहा कि पूर्व में सहायक महाप्रबंधक के साथ उनकी वार्ता हुई। जिसमें अनुबंधित बसों के बाईपास प्रकरणों, अनुसाशनिक पटल सहायक को हटाए जाने, टनकपुर कार्यालय से एक कुर्सी गायब होने आदि पर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक कोई पहल नहीं हुई है।

## सोलानी पुल का डीपीआर तैयार, स्वीकृति का इंतजार

रुड़की। जर्जर हो चुके सोलानी पुल से बड़े वाहनों की आवाजाही बंद करने के बाद नया पुल बनाने को लेकर लोक निर्माण विभाग ने डीपीआर तैयार कर संबंधित विभाग को स्वीकृति के लिए भेज दिया है। स्वीकृति मिलने के बाद नया पुल बनाने का काम शुरू हो जाएगा। करीब 31 करोड़ की लागत से इस पुल का निर्माण किया जाना है। करीब एक साल पहले सोलानी पुल जर्जर होने की वजह से बड़े वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई थी। इसके बाद से बड़े वाहन दूसरे रूट से होकर आवाजाही कर रहे थे। इस बीच विधायक प्रदीप बत्रा ने स्कूली बसों की समस्या को देखते हुए सोलानी पुल के पास अस्थाई रपटा का निर्माण कराया गया। वर्तमान में इससे होकर भारी बड़े वाहन भी जा रहे हैं। ऐसे में क्षेत्रवासी और विपक्षी दल के नेता लगातार विरोध कर रहे हैं।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

रुड़की। ग्राम मानकपुर आदमपुर के पास ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। हादसे में एक की हालत गंभीर बनी हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार गंभीर रूप से घायल युवक के पैर के ऊपर से ट्रक का पहिया गुजर गया।

## संक्षिप्त खबरें

### हरिद्वार में दिनभर छाए रहे बादल

हरिद्वार। हरिद्वार में सोमवार को बादल छाए रहने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। इस दौरान अधिकतम तापमान और न्यूनतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। तापमान में गिरावट से लोगों को दिन में गर्मी से राहत मिली। सोमवार को अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। रविवार को अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25.5 डिग्री सेल्सियस रहा था। तापमान में गिरावट के बाद दिन में लोगों को गर्मी का एहसास नहीं हुआ। शनिवार को सुबह के समय बारिश के बाद रविवार को दिनभर आसमान में बादल छाए रहने से धूप नहीं निकली थी। रविवार को दिन में मौसम का मिजाज बदला था। सोमवार को भी लोगों को गर्मी से फौरी राहत मिलती नजर आई। दिन में धूप की तपिश कम रही। ज्यादा समय आसमान में बादल छाए रहे। रात के समय भी ठंडक बनी रही। तड़के चार बजे ठंड के कारण लोगों को कूलर, एसी, पंखे आदि बंद करने पड़े। वहीं बीती 20 जून से धर्मनगरी में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। 20 जून को पहली बारिश के बाद लोगों को तपती धूप, लू और गर्मी से राहत मिली थी। 20 जून के बाद से धर्मनगरी में हो रही बारिशों के बाद गर्मी कम है। सोमवार को भी लोगों ठंड के कारण सुकून मिला।

### डीएम और एसएसपी ने कांवड़ा पटरी का निरीक्षण किया

रुड़की। कांवड़ मेला सकुशल संपन्न कराने के लिए सोमवार को जिलाधिकारी और एसएसपी हरिद्वार ने हाईवे के यूपी बॉर्डर और कावड़ यात्रा गुजरने वाले मार्ग गंग नहर पटरी आदि का निरीक्षण किया। इसके अलावा व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए उन्होंने अधीनस्थों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। कावड़ मेला शुरू होने वाला है। इसमें देशभर से लाखों की संख्या में श्रद्धालु हरिद्वार गंगाजल लेने पहुंचते हैं। कावड़ यात्रा सकुशल संपन्न करने के लिए जिलाधिकारी हरिद्वार धीराज सिंह गर्ब्याल और एसएसपी परमेंदर सिंह डोभाल ने यूपी बॉर्डर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### हत्याकांड में गिरफ्तारी न होने पर आत्मदाह की चेतावनी दी

रुड़की। बहादरपुर खादर में हुए अशोक सैनी हत्याकांड के पांच में से तीन आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर पीड़ित परिवार ने सोमवार को नाराजगी जताई। मृतक की पत्नी सुनीता सैनी और बेटे देव सैनी ने पत्रकार वार्ता कर कहा कि तीन आरोपी अभी बाहर घूम रहे हैं। जिनसे उनके परिवार को जान का खतरा है। जो मुख्य आरोपी पकड़े गए हैं, उनके पास से अशोक की लूटी हुई लाइसेंसी पिस्टल भी बरामद नहीं की गई है।

### मेंहदी की रस्म से उर्स का आगाज

रुड़की। मुहर्रम के महीने का चांद दिखाई देने पर हजरत अबू सालेह इमाम साहब का सालाना उर्स शुरू हो गया है। दरगाह साबिर पाक के सज्जादानशीन शाह अली एजाज साबरी कुद्दुसी ने सोमवार को मेंहदी की रस्म अदा कर उर्स का आगाज किया। पिरान कलियर दरगाह ईमाम साहब में हर साल मुहर्रम के महीने का चांद दिखाई देने पर दरगाह हजरत अबू सालेह हजरत इमाम साहब का उर्स बड़ी अकीदत और मुहब्बत के साथ मनाया जाता है। रविवार शाम को चांद दिखाई देने के बाद दरगाह साबिर पाक के सज्जादानशीन शाह अली एजाज कुद्दुसी साबरी ने मेंहदी डोरी की रस्म अदा की। सालाना उर्स मुहर्रम की सात तारीख तक चलेगा।

### मां-बेटे से मारपीट के मामले में पांच पर मुकदमा

रुड़की। गोशाला में दूध निकालने जा रही मां और बेटे के साथ मारपीट के मामले में सोमवार को पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। ग्राम शेरपुर खेल निवासी विश्वास ने थाने में तहरीर देकर बताया कि रविवार शाम उसका बेटा अक्षय झबरेड़ा से यूरिया खाद का कट्टा बाइक पर रखकर घर आ रहा था। गांव में रास्ते के मोड पर गांव की ही महिला प्रीति को अचानक अक्षय के हाथ की कोहनी लग गई। अक्षय ने उसी समय गलती मानते हुए माफी मांग ली थी। कुछ देर बाद प्रीति और उसका पति विजय दोनों घर आ गए।

### अनशन पर बैठे निजी कंपनी से हटाए गए कर्मचारी

रुड़की। निजी कंपनी से हटाए गए 14 कर्मचारी सोमवार सुबह 10 बजे से भूख हड़ताल पर बैठ गए। एसडीएम की मध्यस्तता में कंपनी प्रबंधन से हुई वार्ता विफल होने पर उन्होंने अनशन का निर्णय लिया है। इससे पहले कर्मचारी 24 जून से अभी तक कंपनी गेट पर क्रमिक धरना दे रहे थे लक्सर की एक निजी कंपनी ने पिछले दिनों 14 कर्मचारियों को नौकरी से हटा दिया था। ये कर्मचारी नौकरी पर रखने या वीआरएस (स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति स्कीम) के तहत 10 लाख रुपये मुआवजा देने की मांग को लेकर कंपनी गेट पर धरना दे रहे थे।